• जयपुर, मंगलवार 17 मार्च 26 • वर्ष 15 • अंक 144 • पृष्ठ : 8 • मूल्य : 1 रुपये
www.chamaktarajasthan.in | Email : chamaktarajasthan8789@gmail.com

डाक पंजीयन संख्या: RJ/JPC/D19/2024-25
RNI. No. RAJHIN/2011/40950

दैनिक
राज्य तथा केंद्र द्वारा मान्यता प्राप्त
सच के साथ मजबूती से बढ़ाये क़दम

# चमकता राजस्थान

विज्ञापन के लिए : 93145 05000
जयपुर से प्रकाशित एवं प्रसारित
अजमेर, सीकर, झुंझुनुं, सवाईमाधोपुर, चित्तौड़गढ़, बूंदी, धौलपुर, हिंडौन, भरतपुर, झालावाड़, जोधपुर, ब्यावर, जालोर, करौली, नागौर बीकानेर से प्रसारित

**सुविचार**

''सत्य को हज़ार तरीकों से बताया जा सकता है, फिर भी हर एक सत्य ही होगा।''

● स्वामी विवेकानंद

पेज @3 सुबह विकास कार्यों के उद्घाटन के साथ होगा जूनीधाम खेतलाजी मेले ....
पेज @4 जेके लक्ष्मी सीमेंट 2026 क्रिकेट लीग सीज़न में राजस्थान रॉयल्स...
पेज @8 रायसिंहनगर में नशे का कहर: पुलिस चौकी से कुछ कदम दूर युवक...

# ओडिशा के कटक में एससीबी मेडिकल कॉलेज में लगी भीषण आग, 10 मरीजों की मौत

कटक/एजेंसी।

ओडिशा के कटक में सोमवार तड़के बड़ा हादसा हो गया। यहां के एससीबी मेडिकल कॉलेज और अस्पताल में आग लग गई, जिससे अफरा-तफरी मच गई। हादसे में 10 मरीजों की मौत हुई है। आग तड×के 3 बजे अस्पताल में ट्रॉमा केयर के इंटेंसिव केयर यूनिट (आईसीयू) में लगी थी। हादसे के बाद आनन-फानन में गंभीर मरीजों को बाहर निकाला गया और दूसरी जगह शिफ्ट किया। ओडिशा के मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी ने अस्पताल का दौरा किया है।रिपोर्ट्स के मुताबिक, जिस समय आईसीयू में आग लगी, उस समय वहां 23 मरीज भर्ती थे, जो गंभीर हालत में थे। उनको निकालकर दूसरी जगह शिफ्ट करने के दौरान 10 लोगों की मौत हुई है। मरीजों को शिफ्ट करने के दौरान करीब 11 अस्पताल के कर्मचारी भी झुलस गए हैं। उनका इलाज चल रहा है। आग लगने के कारणों की जानकारी नहीं मिली है। प्रथम द्दष्टया इसका कारण शॉर्ट सर्किट बताया जा रहा है। मुख्यमंत्री माझी ने अस्पताल का दौरा कर रहा, यह एक दुर्भाग्यपूर्ण और दुखद घटना है। मैंने स्वास्थ्य विभाग को लोगों को सर्वोत्तम उपचार प्रदान करने का निर्देश दिया है और मृतक के परिवार के सदस्यों के लिए 25 लाख रुपये की अनुग्रह राशि की घोषणा की है। उन्होंने बताया कि वह व्यक्तिगत रूप से अस्पतालों में अग्नि सुरक्षा के लिए 320 करोड़ रुपये का बजट जारी कर चुके थे। घटना को लेकर न्यायिक जांच के आदेश दिए गए हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हादसे पर गहरा दुख जताते हुए पीड़ितों के परिवारों के प्रति गहरी संवेदना जताई है। उन्होंने प्रधानमंत्री राहत कोष से प्रत्येक मृतक के परिजनों को 2-2 लाख रुपये की अनुग्रह राशि और घायलों को 50,000 रुपये देने की घोषणा की है।

## प्रधानमंत्री मोदी ने मुआवजे की घोषणा की






**न्यूज़ अपडेट**

## गंगा किनारे कब्जा करने वालों की अब खैर नहीं, सुप्रीम कोर्ट के आदेश से मची खलबली; केंद्र से मांगा पूरा हिसाब

**नई दिल्ली/एजेंसी।** पवित्र गंगा नदी के किनारों और उसके मैदानी इलाकों (फ्लड प्लेन) पर अवैध रूप से पक्के निर्माण कर कब्जा जमाने वालों पर अब सुप्रीम कोर्ट की गाज गिरने वाली है। देश की सर्वोच्च अदालत ने इस मामले में बेहद सख्त रुख अपनाते हुए केंद्र सरकार को एक कड़ा निर्देश जारी किया है। अदालत ने सरकार से गंगा किनारे हुए सभी अवैध निर्माणों और अतिक्रमण को लेकर एक विस्तृत रिपोर्ट तलब की है। इसके साथ ही कोर्ट ने यह भी बताने को कहा है कि इस अवैध कब्जे को हटाने और नदी के संरक्षण के लिए अब तक जमीन पर क्या ठोस कदम उठाए गए हैं। इस आदेश के बाद से संबंधित विभागों और अतिक्रमणकारियों में हड×कंप मच गया है।

● **सुप्रीम कोर्ट ने पूछा- अतिक्रमण हटाने में क्या है बाधा?**

सुप्रीम कोर्ट के जस्टिस जे.बी. पारदीवाला और जस्टिस के.वी. विश्वनाथन की पीठ ने इस गंभीर मामले की सुनवाई करते हुए केंद्र सरकार से कई तीखे सवाल किए। अदालत ने पूछा कि गंगा के पुनरुद्धार और प्रबंधन से जुड़ी अधिसूचना को प्रभावी ढंग से लागू करने में अथॉरिटी के रास्ते में आखिर क्या रुकावटें आ रही हैं। पीठ ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि जिन-जिन राज्यों से होकर गंगा नदी बहती है, वहां की अथॉरिटी नदी की सुरक्षा के लिए क्या योजना बना रही है और यह कैसे सुनिश्चित किया जाएगा कि गंगा के किनारे हर तरह के अतिक्रमण से पूरी तरह मुक्त हों। अदालत ने माना है कि यह कोई छोटा मुद्दा नहीं है, बल्कि इसके लिए एक व्यापक और गहन जांच की सख्त जरूरत है।

### 4 महागठबंधन विधायकों ने नहीं किया मतदान

# राज्यसभा चुनावः बिहार में एनडीए के पांचों उम्मीदवार जीते

नईदिल्ली/एजेंसी।

राज्यसभा की 11 सीटों पर मतदान पूरा हो गया है। इसी के साथ धीरे-धीरे नतीजे भी आ रहे हैं। बिहार में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) के सभी 5 उम्मीदवार जीत गए हैं। यहां महागठबंधन के 37 विधायकों ने ही मतदान किया और 4 मतदान के लिए नहीं पहुंचे। वहीं, ओडिशा में भी कांग्रेस के 3 विधायकों के क्रॉस वोटिंग करने की खबर है। बता दें कि कुल 37 सीटों पर चुनाव हुए, जिनमें से 26 उम्मीदवार निर्विरोध जीत गए हैं।

बिहार में एनडीए के सभी 202 विधायकों ने वोट डाले। इसी वजह से 5वें उम्मीदवार शिवेश कुमार की जीत सुनिश्चित हो पाई। उम्मीद है कि कुमार को लगभग 38 वोट मिलेंगे, जबकि आरजेडी उम्मीदवार एडी सिंह को 37 वोट मिल सकते हैं। महागठंधन के जिन विधायकों ने वोट नहीं डाला, उनमें राष्ट्रीय जनता दल (आरजेडी) के फैसल रहमान और कांग्रेस के मनोहर प्रसाद, सुरेंद्र कुशवाहा और मनोज विश्वास शामिल हैं।



हरियाणा में इंडियन नेशनल लोकदल (इनेलो) के दोनों विधायकों ने मतदान नहीं किया। पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अभय चौटाला ने कहा, जनता की आवाज पर फैसला लिया कि हमारे दोनों विधायक चुनाव से दूरी बनाएंगे। भाजपा का रवैया सही नहीं रहा। उन्होंने जाति-धर्म की राजनीति की। निर्दलीय उम्मीदवार सतीश नांदल मुझसे मिले थे। मैंने साफ कह दिया था कि इस पर पार्टी का सामूहिक फैसला होगा। कांग्रेस में कोई क्रॉस वोट होता तो इसकी जिम्मेदारी भूपेंद्र सिंह हुड्डा की होगी।

महाराष्ट्र की 7 में से 6 सीटें एनडीए के खाते में गई हैं। एक सीट से राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एनसीपी) के शरद पवार चुने गए हैं। तमिलनाडु की 6 में से 2 सीटें एनडीए, 4 विपक्ष को मिली हैं। इसी तरह पश्चिम बंगाल की 5 में से 4 सीट विपक्ष और एक एनडीए, असम की तीनों सीटें एनडीए, तेलंगाना की दोनों सीटें विपक्ष, छत्तीसगढ़ में एक विपक्ष और एक एनडीए और हिमाचल प्रदेश की एक सीट विपक्ष को गई है।

महाराष्ट्र से विनोद तावड़े, रामराव वडकेटे और माया इवनाते (तीनों भाजपा), पार्थ पवार (एनसीपी अजित), ज्योति वाघमारे (शिवसेना शिंदे) और रामदास अठावले (आरपीआई)। तमिलनाडु से एम थंबीदुराई (एआईएडीएमके), अंबुमणि रामदास (पीएमके), तिरुचि शिवा, जे रविंद्रन, एलके सुदीश (तीनों डीएमके) और क्रिस्टोफर तिलक (कांग्रेस)। पश्चिम बंगाल से राहुल सिन्हा (भाजपा), बाबुल सुप्रियो, राजीव कुमार, मेनका गुरुस्वामी और कोएल मलिक (चारों टीएमसी)। असम से जोगेन मोहन, तेरोस गोवाला (दोनों भाजपा) और प्रमोद बोरो (यूपीपीएल)।

तेलंगाना से अभिषेक मनु सिंघवी और वेम नरेंद्र रेड्डी (कांग्रेस)। छत्तीसगढ़ से भाजपा की लक्ष्मी वर्मा और कांग्रेस की फुलो देवी नेताम। हिमाचल प्रदेश से कांग्रेस के अनुराग शर्मा

## आदर्श आचार संहिता सख्ती से लागू करने चुनाव आयोग का निर्देश

नई दिल्ली/एजेंसी।

भारतीय निर्वाचन आयोग ने सोमवार को बताया कि उसने पांच राज्यों और एक केंद्र शासित प्रदेश में विधानसभा चुनावों और छह राज्यों में उपचुनावों के लिए आदर्श आचार संहिता को सख्ती से लागू करने के निर्देश जारी किए हैं, ताकि स्वतंत्र, निष्पक्ष और पारदर्शी चुनाव सुनिश्चित किए जा सकें.

मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने रविवार को घोषणा की कि असम, केरल, तमिलनाडु और पुडुचेरी में आने वाले विधानसभा चुनाव एक ही फेज में होंगे, जबकि पश्चिम बंगाल में दो फेज में होंगे. उन्होंने कर्नाटक और महाराष्ट्र की दो-दो सीटों समेत छह राज्यों की आठ सीटों पर विधानसभा उपचुनाव के शेड्यूल की भी घोषणा की. मौजूदा सदस्यों की मौत की वजह से उपचुनाव कराना पड़ा. चुनाव आयोग ने कहा, शेड्यूल के अनुसार, ईसीआई और असम, केरल और पुडुचेरी राज्यों/केंद्र शासित प्रदेश द्वारा आज जारी किए गए नोटिफिकेशन उनके संबंधित गजट में प्रकाशित कर दिए गए हैं. चुनाव आयोग ने कहा कि उसने चुनावों की घोषणा के बाद राज्य/केंद्र शासित प्रदेश में आदर्श आचार संहिता को तुरंत लागू करने के संबंध में संबंधित राज्यों/केंद्र शासित प्रदेश के मुख्य सचिव और मुख्य चुनाव अधिकारी को निर्देश जारी किए हैं.

## ईरान से सुरक्षित बाहर निकले 550 से अधिक भारतीय नागरिक, जयशंकर ने आर्मेनिया का आभार जताया

नईदिल्ली/एजेंसी।

अमेरिका और इजरायल के हमलों के बीच ईरान में फंसे भारतीय नागरिकों को लेकर राहत भरी खबर आई है। यहां से सोमवार को अब तक 550 से अधिक नागरिक की ईरान से सुरक्षित निकासी हो गई है। वे आर्मेनिया के रास्ते बाहर निकले हैं। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने सोमवार को एक्स पर इसकी जानकारी देते हुए आर्मेनिया सरकार की आभार जताया। उन्होंने पोस्ट में आर्मेनिया के विदेश मंत्री अरारत मिर्जोयान को टैग किया है।




जयशंकर ने एक्स पर लिखा, ईरान से अब तक 550 से अधिक भारतीय नागरिकों की सुरक्षित निकासी में सहयोग के लिए आर्मेनिया की सरकार और वहां की जनता का आभार व्यक्त करता हूं। इन चुनौतीपूर्ण समय में अरारत मिर्जोयान के सहयोग की सराहना करता हूं। बता दें कि 550 से अधिक भारतीयों की निकासी के बाद अब ईरान में फंसे नागरिक काफी कम बचे हैं, जिनको वापस भारत लाने की कोशिशें जारी हैं।

विदेश मंत्रालय ने पिछले हफ्ते बताया था कि ईरान में लगभग 9,000 भारतीय नागरिक अभी भी हैं। पहले जारी की गई एडवाइजरी से कई भारतीयों को ईरान छोड़ने और सुरक्षित घर लौटने में मदद मिली। मंत्रालय ने बताया था कि कई नागरिकों को तेहरान से सुरक्षित जगहों पर भेजा गया है। सरकार अजरबैजान और आर्मेनिया के रास्ते यात्रा करने वालों की भी मदद कर रही है। साथ ही, वीजा, जमीनी सीमा पार करने और उड़ानों में सहयोग कर रही है।

## पश्चिम बंगाल चुनावः भाजपा की 144 उम्मीदवारों की पहली सूची जारी, ममता बनर्जी को चुनौती देंगे सुवेंदु अधिकारी

**नई दिल्ली/एजेंसी।** भारतीय जनता पार्टी ने सोमवार को प.बंगाल विधानसभा चुनाव 2026 के लिए 144 उम्मीदवारों की पहली सूची जारी कर दी है. भाजपा ने नेता प्रतिपक्ष सुवेंदु अधिकारी को दो सीटों-भबनीपुर और नंदीग्राम से मैदान में उतारा है, जबकि शंकर घोष को सिलीगुड़ी से, अशोक डिंडा को मोयना से, अग्निमित्रा पॉल को आसनसोल दक्षिण से मैदान में उतारा गया है.बंगाल विधानसभा चुनाव में दिलीप घोष खड़गपुर सदर से और स्वपन दासगुप्ता कोलकाता की रासबिहारी सीट से चुनाव लड़ेंगे. पश्चिम बंगाल में मुख्य मुकाबला तृणमूल कांग्रेस और भाजपा के बीच है. कांग्रेस और लेफ्ट पार्टियां भी मैदान में हैं. टीएमसी ने अभी तक उम्मीदवारों के नामों की औपचारिक घोषणा नहीं की है.



भवानीपुर से सुवेंदु को मैदान में उतारने को भाजपा द्वारा टीएमसी के नेतृत्व को उसके गढ़ में चुनौती देने की रणनीति के तौर पर देखा जा रहा है। सुवेंदु ने इससे पहले 2021 के विधानसभा चुनावों में नंदीग्राम से ममता को हराया था, जिसकी खूब चर्चा हुई थी। सुवेंदु पहले खुद टीएमसी में रहे हैं और उनकी गिनती ममता के करीबियों में होती थी। अब वे फिर से ममता को ही चुनौती देते नजर आएंगे। रिपोर्ट के मुताबिक पार्टी ऐसी उम्मीदवार सूची तैयार करने में लगी है, जो सत्ता विरोधी रुझान को कम कर सके, स्थानीय राजनीतिक समीकरणों को फिर से संतुलित कर सके और 15 साल से सत्ता में बनी पार्टी का वर्चस्व कायम रख सकें.

## दुबई हवाई अड्डे के पास ईरान का भीषण ड्रोन हमला, उड़ानें निलंबित

**यूएई/एजेंसी।** अमेरिका और इजरायल के साथ युद्ध में फंसे ईरान का खाड़ी देशों पर हमला जारी है। सोमवार तड़के उसने संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के दुबई में भीषण हमला किया है। ईरान का ड्रोन हमला दुबई हवाई अड्डे के पास हुआ, जिसके बाद इलाके में एक ईंधन टैंक क्षतिग्रस्त हो गया और भीषण आग लग गई। हमले में किसी के हताहत होने की जानकारी नहीं है। हवाई अड्डे से सभी उड़ानों को अस्थायी रूप से निलंबित कर दिया गया है। दुबई मीडिया ऑफिस ने तड़के 6 बजे बताया, 'दुबई अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे (डीएक्सबी) के पास ड्रोन से जुड़ी एक घटना में ईंधन के एक टैंक को नुकसान पहुंचा है। दुबई सिविल डिफेंस की टीमें इस समय आग पर काबू पाने का काम कर रही हैं। अब तक किसी के घायल होने की कोई खबर नहीं है।' कार्यालय ने करीब एक घंटे बाद बताया कि टीमों ने आग पर सफलतापूर्वक काबू कर लिया है, कोई घायल नहीं हुआ। ड्रोन हमले के बाद दुबई नागरिक उड्डयन प्राधिकरण ने बताया कि एहतियाती सुरक्षा उपाय के तौर पर दुबई हवाई अड्डे पर सभी उड़ानों को अस्थायी रूप से निलंबित कर दिया गया है।

# ग्रामीण भारत में बढ़ी रसोई गैस की पहुंच, देश में अब 25,605 एलपीजी वितरक, जिनमें 17,677 ग्रामीण क्षेत्रों में

नई दिल्ली/एजेंसी।

भारत सरकार ने देश में रसोई गैस की उपलब्धता और वितरण नेटवर्क को लेकर महत्वपूर्ण आंकड़े साझा किए हैं. सोमवार को राज्यसभा में एक प्रश्न का उत्तर देते हुए पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस राज्य मंत्री सुरेश गोपी ने बताया कि 1 मार्च, 2026 तक भारत में कुल 25,605 एलपीजी वितरक कार्यरत हैं. सरकार का विशेष ध्यान ग्रामीण इलाकों पर रहा है, यही कारण है कि इन कुल वितरकों में से 17,677 अकेले ग्रामीण क्षेत्रों में सेवा दे रहे हैं. मंत्री ने सदन को सूचित किया कि दूरदराज और ग्रामीण क्षेत्रों में एलपीजी की पहुंच सुधारने के लिए सरकार ने पिछले एक दशक में व्यापक कदम उठाए हैं. आंकड़ों के अनुसार, अप्रैल 2016 से फरवरी 2026 के बीच कुल 8,037 नए वितरक नियुक्त किए गए. इनमें से 7,444 यानी लगभग 93 प्रतिशत वितरक विशेष रूप से ग्रामीण क्षेत्रों के लिए कमीशन किए गए हैं. वर्तमान में, इन वितरकों को तेल विपणन कंपनियों के 214 बॉटलिंग प्लांटों द्वारा सहायता प्रदान की जा रही है. मई 2016 में शुरू की गई प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना का जिक्र करते हुए मंत्री ने कहा कि इसका मुख्य उद्देश्य गरीब परिवारों की महिलाओं को जमा-मुक्त एलपीजी कनेक्शन प्रदान करना था. 1 मार्च, 2026 तक देश भर में लगभग 10.56 करोड़ उज्ज्वला कनेक्शन दिए जा चुके हैं, जिसने करोड़ों महिलाओं को धुएं से मुक्ति दिलाई है. महंगाई के दौर में आम उपभोक्ताओं को राहत देने के लिए सरकार ने भारी वित्तीय सहायता दी है. सुरेश गोपी ने बताया कि वित्त वर्ष 2022-23 में ओएमसी को 22,000 करोड़ रुपये का मुआवजा दिया गया था, जबकि वित्त वर्ष 2025-26 के लिए 30,000 करोड़ रुपये के अतिरिक्त मुआवजे को मंजूरी दी गई है. दिल्ली में 14.2 किलोग्राम के घरेलू सिलेंडर की कीमत वर्तमान में 913 रुपये है, लेकिन उज्ज्वला लाभार्थियों को 300 रुपये की लक्षित सब्सिडी मिलने के बाद, उन्हें यह सिलेंडर प्रभावी रूप से 613 रुपये में मिल रहा है. वितरण प्रणाली को पारदर्शी बनाने के लिए सरकार ने आईवीआरएस/एसएमएस रिफिल बुकिंग और डिलीवरी ऑथेंटिकेशन कोड जैसी तकनीकें लागू की हैं. इससे ग्राहकों को बुकिंग से लेकर डिलीवरी तक हर चरण की जानकारी एसएमएस के माध्यम से मिलती है. मंत्रालय ने यह भी स्पष्ट किया कि भारत पेट्रोल और डीजल के उत्पादन में आत्मनिर्भर बना हुआ है. घरेलू मांग को पूरा करने के लिए ईंधन आयात की आवश्यकता नहीं है क्योंकि देश की सभी रिफाइनरियां पूरी क्षमता से काम कर रही हैं. सरकार ने आश्वासन दिया है कि अस्पतालों और शैक्षणिक संस्थानों जैसे प्राथमिकता वाले क्षेत्रों और आम घरों में एलपीजी की निर्बाध आपूर्ति जारी रहेगी.



## संक्षिप्त समाचार

### रॉयल सैनिक स्कूल के कैडेट्स ने जानी डाकघर की कार्यप्रणाली



**चमकता राजस्थान/परबतसर।** रॉयल सैनिक स्कूल के कैडेट्स ने मंगलवार को स्थानीय डाकघर का शैक्षणिक भ्रमण कर डाकघर की कार्यप्रणाली को करीब से जाना। इस दौरान पोस्टमास्टर अशोक व्यास ने विद्यार्थियों को डाक विभाग की विभिन्न सेवाओं की जानकारी देते हुए बचत योजनाओं, पोस्ट कार्ड, अंतर्देशीय पत्र, लिफाफों तथा डाक वितरण व्यवस्था के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने विद्यार्थियों को बताया कि डाकघर केवल पत्र भेजने का माध्यम ही नहीं, बल्कि आमजन के लिए कई प्रकार की बचत योजनाएं और सुविधाएं भी उपलब्ध कराता है। कैडेट्स ने डाकघर में पत्रों की बुकिंग, छंटाई और वितरण की प्रक्रिया को भी समझा तथा विभिन्न सेवाओं के बारे में जानकारी प्राप्त की। इस अवसर पर पोस्ट मास्टर अशोक व्यास, प्रभुराम, राजेंद्र नरूका, कौशल त्रिपाठी, अयूब खान, सुभाष प्रजापत, कैलाश प्रजापत, अमजद खान, शिक्षक प्रताप सिंह तथा स्काउटर सुभाष पारीक सहित अन्य उपस्थित रहे।

### सादड़ी कुंभलगढ़ अभयारण्य में भीषण आग रात 8 बजे भी उठती रही लपटें, 8 हेक्टेयर से ज्यादा वन प्रभावित

**चमकता राजस्थान/सादड़ी ।** कुंभलगढ़ अभयारण्य के सादड़ी रेंज और लाटाडा नाका क्षेत्र में शुक्रवार को आग लग गई। 8 हेक्टेयर से अधिक वन क्षेत्र इसकी इसकी चपेट में आ गया।

आग तेजी से गूदा झोल, - खेरारी और हाथी थड़ा क्षेत्र तक फैल गई। आग की तेज लपटों से आसपास की पर्वतमालाएं रात में आग की रोशनी से जगमगा उठीं। अभयारण्य क्षेत्र में रहने वाले वन्यजीवों के जीवन पर संकट मंडराने लगा है। 1198 वन विभाग हरकत में आया और विभाग की टीमें मौके पर पहुंचकर आग पर काबू पाने के प्रयास में 154 20 जुट गईं। वन विभाग की टीमें सुबह से आग को नियंत्रित करने में लगी हैं। रात 10 बजे भी क्षेत्र में आग की लपटे उठ रहीं थी।

### बिलोपा विद्यालय में भामाशाह के सहयोग से कम्प्यूटर एवं प्रिंटर की सुविधा होगी सुलभ



**चमकता राजस्थान/राकेश अग्रवाल/सवाईमाधोपुर।** राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय बिलोपा के भौतिक विकास के लिए बिलोपा निवासी भामाशाह राजेश कुमार मीना द्वारा 31,000 हजार रुपए की राशि सहयोग स्वरूप दी। उक्त राशि का चैक भामाशाह राजेश कुमार मीना के भाई हनुमान मीना ने प्रधानाचार्य की उपस्थिति में मुख्यमंत्री जनसहभागिता विद्यालय विकास योजना के तहत जमा करवाने के लिए अतिरिक्त जिला परियोजना समन्वयक दिनेश गुप्ता को सौपा है। कार्यक्रम अधिकारी हेमराज मीना ने बताया कि 31, 000 रुपए के भामाशाह के सहयोग पर राज्य सरकार से 46 हजार 500 रुपए की अतिरिक्त राशि प्राप्त होगी। इस प्रकार विद्यालय को कुल 77, 500 रुपए की राशि प्राप्त होगी। प्राप्त राशि से कम्प्यूटर एवं प्रिंटर क्रय करने सहित अन्य आवश्यक विकास कार्य संपादित किए जायेंगे। इस अवसर पर सहायक निदेशक कालूराम बैरवा, प्रधानाचार्य सुशीला राय, अध्यापक ओम प्रकाश मीना एवं कनिष्ठ लिपिक राकेश शर्मा उपस्थित रहे।

### 17 मार्च को जिला अजमेर में होगी फोस्टेक प्रशिक्षण

**चमकता राजस्थान/जयपुर।** फूड सेफ्टी के अंतर्गत विभिन्न नवाचारों की श्रंखला में 17 मार्च 2026 मंगलवार को किशनगढ़ बाहेती धर्मशाला में प्रातः 11.00 बजे से सायं 01.30 ढट बजे तक व अजमेर में डी ए वी कॉलेज ऑडिटोरियम में 02.00 ढट से 04.30 ढट तक आयोजन किया जाएगा। अभिहित अधिकारी एवम् मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी,अजमेर ने बताया कि यह प्रशिक्षण सभी के लिए अनिवार्य हैं इस प्रशिक्षण में रो मैटेरियल व निर्माण व उसके सही रखरखाव स्टोरेज में क्या क्या सावधानियां रखनी है ओर परिसर व वर्कर की हाइजिन में क्या क्या सावधानियां रखनी है ,साथ ही प्रत्येक खाद्य कारोबार फास्ट फूड, तेल घणी, पानी पताशे, केटरिंग, मसाला उद्योग, टिफिन सेंटर पापड़ मेकिंग, सोडा वाटर, चाय की होटल, सब्जी विक्रेता, अचार बनाने वाले विक्रेता, फल फ्रूट विक्रेता, आटा चक्की व किराना रिटेलर होलसेलर व निर्माता यूनिट सभी के लिए अनिवार्य है । साथ ही इस प्रशिक्षण में आशा सहयोगिनी , आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, अन्नपूर्णा रसोई फूड हैंडलर्स, राजीविका फूड हैंडलर्स, मिड डे मील प्रभारी सभी के लिए यह प्रशिक्षण अनिवार्य है ओर सभी निर्धारित स्थान व निर्धारित समय पर पहुंच कर इस ट्रेनिंग का लाभ उठावें, प्रशिक्षण का प्रमाण पत्र भी ।२२ द्वारा दिया जाएगा अगली बार खाद्य अनुज्ञा पत्र के नवीनीकरण हेतु भी पोस्टेक ट्रेनिंग प्रमाण पत्र की अनिवार्यता रहेगी इसके अभाव में नवीनीकरण नहीं होगा अतः निवेदन है सभी प्रशिक्षण का लाभ उठावें।

### जिला निष्पादन समिति की बैठक आयोजित

**चमकता राजस्थान/अनिल सैन/फलोदी।** फलोदी जिला कलक्टर श्वेता चौहान की अध्यक्षता में सोमवार को जिला निष्पादन समिति की बैठक आयोजित हुई। बैठक में शिक्षा विभाग और महिला एवं बाल विकास विभाग की योजनाओं की समीक्षा कर आवश्यक निर्देश दिए गए। कलेक्टर ने विद्यालयों में प्रभावी निगरानी से शैक्षिक स्तर सुधारने, अनामांकित व ड्रॉपआउट बच्चों को स्कूल से जोड़ने, पालनहार योजना से वंचित बच्चों को चिन्हित करने तथा आंगनवाड़ी केंद्रों की साप्ताहिक रिपोर्ट भिजवाने के निर्देश दिए। साथ ही विद्युत, पेयजल, पोषण ट्रैकर, ई-केवाईसी और कुपोषित बच्चों की स्थिति की भी समीक्षा की गई।

# सुबह विकास कार्यों के उद्घाटन के साथ होगा जूनीधाम खेतलाजी मेले आगाज, शाम को होगी मेहंदी

चमकता राजस्थान



**देसूरी।** पाली जिले की देसूरी तहसील में अरावली की वादियों के बीच स्थित प्रसिद्ध तीर्थ स्थल श्री सोनाणा खेतलाजी जूनी धाम में 17 मार्च से तीन दिवसीय ऐतिहासिक मेले का शुभारंभ होगा। 17, 18 और 19 मार्च तक चलने वाले इस भव्य मेले में देश के विभिन्न राज्यों से हजारों श्रद्धालुओं के पहुंचने की संभावना है। इस वर्ष मेले के मुख्य लाभार्थी पुणे निवासी वीणाबाई रमणलालजी लुंकड़ परिवार हैं।

मेले का विधिवत शुभारंभ 17 मार्च को सुबह 10 बजे मंदिर परिसर में नवनिर्मित विकास कार्यों के उद्घाटन के साथ होगा। ट्रस्ट कमेटी के अनुसार इस अवसर पर परिक्रमा गेट, मंदिर का मुख्य द्वार, एसी डाइनिंग हॉल, दो नई लिफ्ट तथा नवनिर्मित एसी भोजनशाला का लोकार्पण किया जाएगा। इसके साथ ही 56 फीट ऊंचे भव्य त्रिशूल, खेतलाजी के चांदी के रथ, चांदी के सिंहासन और नवनिर्मित के.सी. दुगड़ भवन (एसी गेस्ट हाउस) का भी शुभारंभ किया जाएगा।

तीन दिवसीय मेले के तहत प्रतिदिन विभिन्न धार्मिक आयोजन होंगे। 17 मार्च की शाम 7 बजे मेहंदी, बन्दौली तथा महाआरती का आयोजन होगा। 18 मार्च को सुबह 10 बजे श्री खेतलाजी को 56 भोग अर्पित किया जाएगा। 18 और 19 मार्च को फले चुंदड़ी के कार्यक्रम होंगे, जबकि 19 मार्च को मेले के समापन पर सुबह ध्वजा और वरघोड़ा निकाला जाएगा।

18 मार्च की शाम 7 बजे भव्य भक्ति संध्या का आयोजन भी किया जाएगा, जिसमें राजस्थान के सुप्रसिद्ध भजन गायक आशा वैष्णव, महेंद्र सिंह राठौड़ और लेहरूदास वैष्णव अपनी प्रस्तुतियां देंगे। वहीं दीपिका राव और टीना प्रजापत द्वारा नृत्य प्रस्तुतियां दी जाएंगी।

मेले में राजस्थान सरकार के कैबिनेट मंत्री जोराराम कुमावत मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम में बाली विधायक पुष्पेन्द्रसिंह राणावत और पाली जिला कलेक्टर लक्ष्मी नारायण मंत्री सहित कई जनप्रतिनिधि व प्रशासनिक अधिकारी भी शामिल होंगे।

ट्रस्ट की ओर से मेले में आने वाले श्रद्धालुओं के लिए भोजन प्रसादी की व्यवस्था पूर्णतः निःशुल्क रहेगी। साथ ही देसूरी, सादड़ी और फालना से बसों की सुविधा उपलब्ध रहेगी। पैदल संघ लेकर आने वाले श्रद्धालुओं का ग्रामवासियों द्वारा पारंपरिक रूप से स्वागत किया जाएगा।

# आरडी बर्मन फैंस क्लब करेगा ''बॉलीवुड सिंगिंग नाइट्स'' का भव्य आयोजन

चमकता राजस्थान



**श्रीगंगानगर (संजय बिश्नोई) ।** शहर में संगीत प्रेमियों के लिए एक खास संगीतमय शाम का आयोजन होने जा रहा है। महान संगीतकार Rahul Dev Burman (आरडी बर्मन) की यादों को समर्पित आरडी बर्मन फैंस क्लब द्वारा 22 मार्च को ''बॉलीवुड सिंगिंग नाइट्स'' कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। इस कार्यक्रम में मुंबई, चंडीगढ़ सहित देश के विभिन्न शहरों से आमंत्रित नामी गायक-गायिकाएं अपनी शानदार प्रस्तुतियों से दर्शकों का मनोरंजन करेंगे।

इस संबंध में रविवार शाम सुखड़ियानगर मार्ग स्थित एक होटल में बैठक आयोजित की गई, जिसमें Jaideep Bihani मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहे। बैठक के दौरान हनुमानगढ़ मार्ग स्थित Blooming Dales International School (बीडीआईएस) में शाम 5 बजे होने वाले कार्यक्रम के पोस्टर का विधिवत विमोचन किया गया।

पोस्टर विमोचन समारोह में विनोद गोयल (एडवोकेट), शैलेंद्र सिंह चौहान 'शैली', डॉ. कुसुम जैन, श्रीमती मंजू पांडे, राजेश जैन, अजय गुप्ता, नितिन अग्रवाल, संजय गुप्ता, नरेंद्र चांगिया, इंजीनियर बंशीधर जिंदल, ललित डोडा, संजीव लोहिया, श्यामसुंदर गोस्वामी, प्रेम चुघ, नंदन गुप्ता, पवन जिंदल, डॉ. शैलेश गोयल, डॉ. सरिता उपनेजा, जगीरचंद फरमा, विमल बिहाणी, गोपाल मित्तल, अमित नागपाल, विनोद सेठी और भूपेंद्र बजाज सहित क्लब के अनेक सदस्य उपस्थित रहे।

कार्यक्रम के संयोजक शैलेंद्र सिंह चौहान ने बताया कि इस संगीतमय शाम में करीब 20 म्यूजिशियन के साथ गायक-कलाकार लाइव प्रस्तुतियां देंगे। इसमें आरडी बर्मन के लोकप्रिय गीतों के साथ-साथ कई सुपरहिट बॉलीवुड गीतों की भी प्रस्तुति दी जाएगी।

उन्होंने बताया कि आयोजन को सफल बनाने के लिए विभिन्न टीमों का गठन कर सदस्यों को जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं। आयोजकों का कहना है कि यह कार्यक्रम संगीत प्रेमियों के लिए यादगार साबित होगा और शहर की सांस्कृतिक गतिविधियों को भी नई ऊर्जा देगा।

### नौजवान कमेटी डग द्वारा रोज़ा इफ्तार का आयोजन किया गया



**चमकता राजस्थान/डग।** नगर की नूरानी मस्जिद में रविवार को वहीद बाबा के ईसाले सवाब के लिए नौजवान कमेटी द्वारा रोज़ा इफ्तार का आयोजन किया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में रोजेदारों ने मिलकर सामूहिक रूप से रोज़ा इफ्तार किया।इफ्तार से पहले मस्जिद में दुआ का आयोजन किया गया,जिसमें क्षेत्र में अमन-चैन, भाईचारे,शांति और खुशहाली की दुआ मांगी गई।रोजेदारों ने आपसी सद्भाव और भाईचारे का संदेश देते हुए खजूर,फल और अन्य खाद्य पदार्थों के साथ रोज़ा खोला। कार्यक्रम में अंजुमन कमेटी सदर,नौजवान कमेटी,व रोजदार व सभी ने मिलकर रोज़ा इफ्तार किया और मगरिब की नमाज अदा कर रमज़ान की बरकतों को साझा किया।

### कामा क्षेत्र में ओवरलोड गिट्टी-बजरी से भरे ट्रकों का अवैध आवागमन जारी, प्रशासन की चुप्पी पर उठे सवाल

**चमकता राजस्थान/ मनोज खत्री/जिला ब्यूरो चीफ डीग। कामा।** क्षेत्र में ओवरलोड गिट्टी-बजरी से भरे ट्रकों का अवैध आवागमन लगातार जारी है, जिससे सड़क सुरक्षा और जनहित पर गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं। किए गए निरीक्षण के अनुसार दिनांक 12 मार्च 2026 की शाम से 13 मार्च 2026 तक लगभग 12 घंटे की लगातार निगरानी में कोसी चौराहे से गुजरने वाले 195 ओवरलोड ट्रकों को दर्ज किया गया। अनुमान लगाया जा रहा है कि यदि पूरे 24 घंटे का आंकड़ा देखा जाए तो यह संख्या करीब 390 ट्रकों तक पहुंच सकती है। इसके अलावा लगभग इतनी ही संख्या में ट्रक नहर की दोनों पटरीयों से होकर भी गुजर रहे हैं, जिससे अवैध परिवहन का दायरा और भी बड़ा नजर आता है। पिछले 13 दिनों से लगातार इन ओवरलोड ट्रकों के वीडियो और अन्य सबूत प्रशासन को उपलब्ध कराए जा रहे हैं, लेकिन इसके बावजूद अब तक किसी प्रकार की ठोस कार्रवाई सामने नहीं आई है। ऐसे में प्रशासन की चुप्पी पर सवाल खड़े हो रहे हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि ओवरलोड ट्रकों के कारण सड़कों की हालत खराब हो रही है और हादसों का खतरा भी बढ़ रहा है। साथ ही यह भी सवाल उठ रहा है कि आखिर इस मामले में जिम्मेदारी किस विभाग की है झ परिवहन विभाग की या खनन विभाग की।लोगों ने प्रशासन से जल्द कार्रवाई करते हुए ओवरलोड ट्रकों पर रोक लगाने की मांग की है, ताकि सड़क सुरक्षा और जनहित को सुरक्षित रखा जा सके।

### जिला कलेक्टर श्वेता चौहान ने रक्तदान शिविर पोस्टर का किया विमोचन

**चमकता राजस्थान/अनिल सैन/फलोदी।** अमर शहीद भगत सिंह, राजगुरु और सुखदेव के शहादत दिवस के उपलक्ष्य में 23 मार्च 2026 को आयोजित होने वाले रक्तदान शिविर के पोस्टर का विमोचन जिला कलेक्टर श्वेता चौहान ने किया। यह रक्तदान शिविर हेल्पिंग हैंड्स टीम फलोदी के तत्वावधान में आयोजित किया जाएगा। शिविर का आयोजन 23 मार्च 2026 को सुबह 10:00 बजे से दोपहर 3:00 बजे तक ब्लड बैंक, जिला अस्पताल फलोदी में किया जाएगा। इस अवसर पर अधिक से अधिक लोगों से रक्तदान कर मानव सेवा के इस पुनीत कार्य में भागीदारी निभाने की अपील की गई। पोस्टर विमोचन कार्यक्रम के दौरान हेल्पिंग हैंड्स टीम फलोदी के संस्थापक एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष गणपत राम मेघवाल, मौलाना अब्दुल मजीद, जलील सरपंच, रमेश विश्नोई, पाचाराम, अयुब खान, कमरदीन, भैयों की ढाणी, ओमप्रकाश, प्रदीप एवं गोरधन सहित अन्य साथी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में वक्ताओं ने कहा कि रक्तदान महादान है और यह किसी जरूरतमंद को नया जीवन देने के समान है। शहीदों की स्मृति में आयोजित यह शिविर समाज सेवा और मानवता के प्रति समर्पण का प्रेरणादायी उदाहरण बनेगा।

### अरे आज तो स्कूल को चमकाना है

- **राजकीय बालिका उ.मा.विद्यालय मे एन.एस.एस.केम्प मे छात्राओ ने किया श्रमदान**




**चमकता राजस्थान/जुगलकिशोर बावल/पाली।** शहर के शिवाजी नगर स्थित राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय मिल क्षेत्र मे राष्ट्रीय सेवा योजना के शिविर मे छात्राओ ने विद्यालय परिसर मे श्रमदान कर स्वच्छता का संदेश दिया।

संस्था प्रधान दौलाराम मेघवाल ने बताया कि शिविर के तहत छात्राओ की अलग अलग टोलिया बनाकर उन्हे विद्यालय परिसर के विभिन्न हिस्से आवंटित किए जहा उन्होने झाडू तगारी लेकर उत्साहपुर्वक श्रमदान करते हुए सृजनात्मक कार्य किए। वही दूसरे सत्र मे बालिकाओ ने आस पास के मंदिरो मे जाकर भगवान की मूर्तियो की साफ सफाई कर झडे हुए पत्तो को हटाया। शिविर प्रभारी संगीता शर्मा ने बताया कि मंगलवार को छात्राए पुरानी ऊन मिल स्थित वृद्वाआश्रम सेवा समिति मे बुर्जुगो के हाल चाल जान वहा भजन कीर्तन करेगी। शिविर मे उप प्रधानाचार्य लेखनी शर्मा, व्याख्याता अर्जुन सिंह, राजेन्द्र सिंह राजपुरोहित, नवीन कुमार जैन, मीडिया प्रभारी विक्रम सिंह परिहार आदि मौजूद रहे।

### डग विधानसभा क्षेत्र की समस्याओं के समाधान के लिए किसानों ने की मांग




**चमकता राजस्थान/डग-16फरवरी(कुन्दन व्यास)।** डग विधानसभा क्षेत्र के किसानों और राष्ट्रीय किसान संघ ने मुख्यमंत्री राजस्थान एवं जिला कलेक्टर झालावाड़ के नाम ज्ञापन तहसीलदार डग को सौंपा जिसमें क्षेत्र की 16 समस्याओं के समाधान की मांग की गई है। इनमें मुआवजा से वंचित किसानों को भुगतान,मुख्यमंत्री व प्रधानमंत्री सम्मान निधि का वितरण,वृद्धा व विकलांग पेंशन की व्यवस्था,कृषि बिजली बिलों की वसूली बंद करना,खस्ताहाल डग सुकेत मेगा हाइवे पर टॉल तुरंत बंद करने और सड़क व सार्वजनिक सुविधाओं की मांग शामिल हैं। राष्ट्रीय किसान संघ परिवार ने इन समस्याओं के तत्काल समाधान की अपील की है ताकि क्षेत्र का विकास हो सके और जनता को राहत मिले।

# ग्रीष्मावकाश में कटौती पर उठे सवाल, शिक्षक संघ ने की पुनर्विचार की मांग

चमकता राजस्थान

सेमारी। राजकीय विद्यालयों में ग्रीष्मकालीन अवकाश में की गई कटौती पर चिंता व्यक्त करते हुए राजस्थान शिक्षक संघ (अम्बेडकर) की ओर से प्रदेश अध्यक्ष कृष्ण बारूपाल एवं प्रदेश महामंत्री सोहन जोहरम मुख्यमंत्री एवं शिक्षा मंत्री को ज्ञापन भेजकर निर्णय पर पुनर्विचार की मांग की गई है। संघ के जिलाध्यक्ष अनिल मीणा ने बताया कि राज्य के विद्यालयों में वर्षों से ग्रीष्मकालीन अवकाश मध्य मई से 30 जून तक दिया जाता रहा है, लेकिन नए शैक्षणिक सत्र 2026-27 में इसे घटाकर 16 मई से 20 जून तक कर दिया गया है, जिससे लगभग 10 दिनों की कटौती हो गई है। उन्होंने बताया कि मई-जून में राजस्थान के अधिकांश क्षेत्रों में तापमान 45 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच जाता है। ऐसी स्थिति में विद्यार्थियों को विद्यालय बुलाना उनके स्वास्थ्य की दृष्टि से उचित नहीं है।

ज्ञापन में उल्लेख किया गया है कि अन्य विभागों में कर्मचारियों को प्रतिवर्ष 30 दिन का उपार्जित अवकाश (PL) मिलता है, जबकि शिक्षा विभाग में केवल 15 ढछ ही दिए जाते हैं। ऐसे में ग्रीष्मावकाश में कटौती से अवकाश असंतुलन की स्थिति पैदा होती है।

संघ ने कहा कि यदि अवकाश कटौती के एवज में राजस्थान सेवा नियम के तहत अतिरिक्त उपार्जित अवकाश दिया जाता है तो इससे राज्य सरकार पर अतिरिक्त वित्तीय भार पड़ेगा। इसलिए व्यावहारिक समाधान के रूप में ग्रीष्मकालीन अवकाश को पूर्व की भांति 30 जून तक यथावत रखा जाना चाहिए।

संघ ने मांग की है कि ग्रीष्मकालीन अवकाश में की गई कटौती पर पुनर्विचार करते हुए इसे पूर्व की भांति 30 जून तक बहाल किया जाए, अन्यथा कटौती की अवधि के अनुपात में शिक्षकों को अतिरिक्त उपार्जित अवकाश (PL) प्रदान किया जाए।

## विद्यार्थियों को मिलेगी प्रतियोगी परीक्षाओं की बेहतर तैयारी की सुविधा

# ग्राम जारोड़ा में दरियाव लाइब्रेरी का भव्य उद्घाटन

चमकता राजस्थान

**मेड़ता रोड/एजाज़ अहमद उस्मानी।** ग्राम जारोड़ा में सोमवार को ''दरियाव लाइब्रेरी'' का भव्य उद्घाटन समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर रेण धाम के पीठाधीश्वर सज्जनराम जी महाराज ने फीता काटकर लाइब्रेरी का उद्घाटन किया। कार्यक्रम में आसपास के गांवों के बड़ी संख्या में ग्रामीण, विद्यार्थी और सामाजिक कार्यकर्ता मौजूद रहे।

उद्घाटन समारोह के दौरान सज्जनराम जी महाराज ने कहा कि आज के समय में शिक्षा ही युवाओं के उज्ज्वल भविष्य की सबसे बड़ी कुंजी है। गांवों में इस प्रकार की लाइब्रेरी खुलने से विद्यार्थियों को पढ़ाई के लिए बेहतर माहौल मिलेगा और वे प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी अधिक मन लगाकर कर सकेंगे।

उन्होंने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि यह प्रयास ग्रामीण क्षेत्र के विद्यार्थियों के लिए बहुत लाभदायक साबित होगा। दरियाव लाइब्रेरी में सरकारी नौकरी की तैयारी कर रहे विद्यार्थियों के लिए सभी आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराई गई हैं। यहां शांत वातावरण में पढ़ाई करने की व्यवस्था, विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं से संबंधित पुस्तकें, समाचार पत्र, पत्रिकाएं, अध्ययन के लिए टेबल-कुर्सियां तथा अन्य जरूरी संसाधन उपलब्ध रहेंगे। इससे विद्यार्थियों को शहरों में जाने की आवश्यकता कम होगी और वे अपने गांव में रहकर ही बेहतर तैयारी कर सकेंगे।

बताया गया कि सरकारी नौकरियों की तैयारी कर रहे विद्यार्थियों को पढ़ाई के लिए उचित स्थान और संसाधनों की कमी के कारण काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था। इसी समस्या को देखते हुए बासनी नेता गांव के एक किसान परिवार के सीताराम भाकर ने आगे बढ़कर इस लाइब्रेरी की शुरुआत की। उनका उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्र के विद्यार्थियों को बेहतर शैक्षणिक वातावरण उपलब्ध कराना है, ताकि वे भी प्रतियोगी परीक्षाओं में सफलता हासिल कर सकें।

लाइब्रेरी के उद्घाटन के बाद उपस्थित विद्यार्थियों और ग्रामीणों ने इस पहल का स्वागत किया और इसे गांव के लिए एक महत्वपूर्ण कदम बताया। ग्रामीणों का मानना है कि इस तरह की सुविधाओं से गांव के युवाओं में शिक्षा के प्रति रुचि बढ़ेगी और वे अपने लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए अधिक प्रेरित होंगे।

## संक्षिप्त समाचार

### रेन रेलवे स्टेशन के पास अज्ञात व्यक्ति का शव मिला

● मेड़तारोड में ट्रेन की चपेट से युवक की मौत।

**चमकता राजस्थान/मेड़ता रोड/एजाज़ अहमद उस्मानी।** नागौर जिले के रेन रेलवे स्टेशन के पास सोमवार को एक अज्ञात व्यक्ति का शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार सोमवार को ऑन ड्यूटी स्टेशन मास्टर द्वारा दूरभाष के माध्यम से थाना हाजा पुलिस को सूचना दी गई कि रेन रेलवे स्टेशन के पास ओएचई किलोमीटर संख्या 500/21 के निकट एक व्यक्ति की लाश पड़ी हुई है। सूचना मिलते ही थाना हाजा से थाना अधिकारी मय जाप्ता मौके पर पहुंचे और घटनास्थल का निरीक्षण किया। पुलिस द्वारा शव और घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण करने पर प्रथम दृष्टया यह मामला ट्रेन से गिरने के कारण हुई मौत का प्रतीत हुआ।
मृतक की पहचान अभी तक नहीं हो पाई है। पुलिस के अनुसार मृतक लगभग 55 वर्षीय हिंदू पुरुष है। उसके दाहिने हाथ की कलाई पर मोली का डोरा तथा कमर पर काला धागा बंधा हुआ मिला है। मृतक के पैरों में जूती पहनी हुई थी। पुलिस ने शव को पहचान और अग्रिम कार्रवाई के लिए राजकीय चिकित्सालय मेड़ता सिटी के मुर्दाघर में रखवाया है। पुलिस मृतक की पहचान के प्रयास कर रही है।
इधर, एक अन्य घटना में मेड़तारोड रेलवे स्टेशन पर ट्रेन की चपेट में आने से एक व्यक्ति की मौत हो गई। मृतक की पहचान ढाढरिया खुर्द निवासी राजेंद्र लामरोड के रूप में हुई है। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और आवश्यक कार्रवाई करते हुए शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। दोनों मामलों में पुलिस ने पोस्टमार्टम की प्रक्रिया पूरी करवाने के बाद शव परिजनों को सौंप दिए हैं। फिलहाल पुलिस दोनों घटनाओं की जांच में जुटी हुई है।

### निशानेबाजी में स्वर्ण का गौरव: सहारनपुर के दो सिपाही बने सीधे दरोगा





**चमकता राजस्थान/अब्दुल खालिद/सहारनपुर।** जनपद में तैनात दो जांबाज खिलाड़ियों ने अपनी सटीक निशानेबाजी से न केवल उत्तर प्रदेश पुलिस का मान बढ़ाया, बल्कि विभाग में एक नई मिसाल पेश की है। वर्ष 2023 और 2024 की राष्ट्रीय शूटिंग प्रतियोगिताओं में स्वर्ण पदक जीतने वाले सिपाही मानवेन्द्र चौधरी (25 मीटर स्टैंडर्ड पिस्टल) और मनीषा पाल (50 मीटर पिस्टल) को उनकी असाधारण खेल प्रतिभा के लिए आउट ऑफ टर्न प्रोन्नति प्रदान की गई है। सोमवार को सहारनपुर एसएसपी ने एक गरिमामय समारोह में इन दोनों खिलाड़ियों के कंधों पर उपनिरीक्षक के सितारे सजाए। यह सम्मान न केवल उनकी मेहनत का प्रतिफल है, बल्कि पुलिस विभाग द्वारा खेल और कौशल को प्रोत्साहित करने की दिशा में एक बड़ा संदेश भी है। एसएसपी ने उम्मीद जताई कि ये दोनों नव-प्रोन्नत अधिकारी भविष्य में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर देश का नाम रोशन करेंगे, जबकि विभाग के अन्य पुलिसकर्मियों के लिए वे अनुशासन और समर्पण के प्रतीक बनकर उभरेंगे।

### बढ़ती गैस कीमतों और गैस की किल्लत के विरोध में कांग्रेस ने गांधी पार्क किला गेट पर किया पुतला दहन



**चमकता राजस्थान/ धौलपुर रामदास तरुण। बाड़ी उपखंड की खबर।** बाड़ी विधानसभा क्षेत्र में घरेलू गैस सिलेंडर की बढ़ती कीमतों और आमजन को समय पर गैस सिलेंडर उपलब्ध नहीं होने के विरोध में रविवार को ब्लॉक कांग्रेस कमेटी द्वारा गांधी पार्क किला गेट पर प्रधानमंत्री का पुतला दहन कर जोरदार विरोध प्रदर्शन किया गया। इस दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने केंद्र सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी करते हुए गैस की कीमतों में कमी करने और आम जनता को राहत देने की मांग की। कार्यक्रम में विधानसभा प्रत्याशी प्रशांत सिंह परमार ने कहा कि केंद्र सरकार की गलत आर्थिक और विदेश नीति के कारण देश में ईंधन संकट जैसी स्थिति पैदा हो गई है। उन्होंने आरोप लगाया कि इजरायल, अमेरिका और ईरान के बीच चल रहे अंतरराष्ट्रीय तनाव के समय देश के हितों को सुरक्षित रखने में केंद्र की भाजपा सरकार पूरी तरह विफल रही है, जिसका सीधा असर आम जनता पर पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि सरकार ने घरेलू गैस सिलेंडर की कीमतों में 60 प्रति सिलेंडर की बढ़ोतरी कर आम जनता पर महंगाई का अतिरिक्त बोझ डाल दिया है। उन्होंने यह भी कहा कि गैस एजेंसियों पर लंबी-लंबी कतारें लग रही हैं और लोगों को समय पर गैस सिलेंडर उपलब्ध नहीं हो पा रहा है। इससे आमजन में भारी रोष व्याप्त है और लोगों को दैनिक जीवन में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इस दौरान बाड़ी ब्लॉक अध्यक्ष रामेंद्र मीणा, सैंपऊ ब्लॉक अध्यक्ष पुष्पेंद्र कुशवाहा, वरिष्ठ कांग्रेसी पार्षद राजकुमार भारद्वाज, रामसेवक अजर, केशवचंद्र मीणा, युवा प्रदेश सचिव आर्यन राय, एल.एस. यादव, लज्जाराम कोली, हरि सिंह पहाड़िया, सैंपऊ नगर अध्यक्ष राजेश कुशवाहा, भगवान सिंह जाटव, अनिल अरेला, मनीष मंगल, योगेश अग्रवाल, नईम खान, सोनी खान, सीमा सिंह, खेल प्रकोष्ठ ब्लॉक अध्यक्ष रामू कुशवाहा, सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे। प्रदर्शन के दौरान कार्यकर्ताओं ने केंद्र सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए घरेलू गैस की कीमतों में तत्काल कमी करने और आम जनता को राहत देने की मांग की।

# जेके लक्ष्मी सीमेंट 2026 क्रिकेट लीग सीज़न में राजस्थान रॉयल्स का प्रिंसिपल स्पॉन्सर बना

क्रिकेट लीग 2026 सीज़न के लिए जेके लक्ष्मी सीमेंट लिमिटेड फिर से राजस्थान रॉयल्स की जर्सी का प्रिंसिपल स्पॉन्सर बना है। यह साझेदारी राजस्थान से से जुड़े दो संगठनों को साथ लाती है।

● कंपनी का लोगो राजस्थान रॉयल्स की जर्सी के पीछे दिखाई देगा।

● इस साझेदारी का उद्देश्य जेके लक्ष्मी सीमेंट के ग्राहकों, चैनल पार्टनर्स और समुदायों के साथ रिश्तों को मजबूत करना है, साथ ही राष्ट्रीय स्तर पर राजस्थान की संस्कृति को बढ़ावा देना भी है।

चमकता राजस्थान




नई दिल्ली/जयपुर। भारत की प्रमुख सीमेंट कंपनियों में से एक जेके लक्ष्मी सीमेंट लिमिटेड ने आज घोषणा की कि वह 2026 सीज़न के लिए राजस्थान रॉयल्स की प्रिंसिपल स्पॉन्सर होगी। इस साझेदारी के साथ ब्रांड की फिर से वापसी हो रही है और राजस्थान से जुड़ी इन दोनों संस्थाओं ने एक बार फिर साथ मिलकर काम कर रही हैं।
इस साझेदारी के तहत जेके लक्ष्मी सीमेंट का लोगो राजस्थान रॉयल्स की मैच जर्सी के पीछे प्रमुख रूप से दिखाई देगा। पूरे सीज़न के दौरान यह ब्रांड टीम के गियर, स्टेडियम ब्रांडिंग और मैच डे के डिजिटल कंटेंट में भी नजर आएगा।
दशकों से जेके लक्ष्मी सीमेंट की राजस्थान में मजबूत उपस्थिति रही है, जो उसके कारखानों, वितरण नेटवर्क और डीलर्स, ठेकेदारों तथा स्थानीय समुदायों के साथ लंबे संबंधों के कारण है। राजस्थान रॉयल्स के साथ साझेदारी इस साझा इतिहास को दर्शाती है–एक ऐसी कंपनी जो राज्य के औद्योगिक विकास में योगदान देती रही है और एक ऐसी टीम जो देश के सबसे बड़े खेल मंचों में से एक पर राजस्थान का प्रतिनिधित्व करती है।
जेके लक्ष्मी सीमेंट लिमिटेड के डिप्टी मैनेजिंग डायरेक्टर श्री श्रीवत्स सिंघानिया ने कहा, ''राजस्थान हमेशा से हमारी यात्रा का अहम हिस्सा रहा है, जिसने हमारी पहचान और विकास को आकार दिया है–हमारे कारखानों और लॉजिस्टिक्स से लेकर उन लोगों और व्यवसायों तक जो हमें हर दिन प्रेरित करते हैं। राजस्थान रॉयल्स के साथ यह साझेदारी इस मजबूत रिश्ते को और गहरा बनाती है और उत्कृष्टता, बेहतर प्रदर्शन और दीर्घकालिक सहयोग जैसे साझा मूल्यों को दर्शाती है। टी20 लीग राजस्थान को राष्ट्रीय मंच देती है और हमें खुशी है कि हम ऐसी टीम के साथ खड़े हैं जो इस अद्भुत राज्य की भावना और उत्कृष्टता को दर्शाती है।''
क्रिकेट भारत के सबसे मजबूत सांस्कृतिक जुड़ावों में से एक है, जो अलग-अलग क्षेत्रों और पीढ़ियों के लोगों को एक साथ लाता है। देश भर के प्रशंसक और परिवार इस क्रिकेट उत्सव के दौरान एक साथ जुड़ते हैं। राजस्थान रॉयल्स के साथ साझेदारी के माध्यम से जेके लक्ष्मी सीमेंट का लक्ष्य घर बनाने वाले लोगों, ठेकेदारों, इंजीनियरों, राजमिस्त्रियों और डीलर्स के साथ अपने संबंधों को और मजबूत करना है, साथ ही गुणवत्ता और भरोसे के अपने वादे को भी सुदृढ़ करना है।
जेके लक्ष्मी सीमेंट लिमिटेड के प्रेसिडेंट और डायरेक्टर अरुण शुक्ला ने कहा, ''राजस्थान रॉयल्स की यात्रा हमारी तरह ही है–राजस्थान में मजबूत जड़ें और पूरे देश में बढ़ती उपस्थिति। यह साझेदारी उन लोगों का सम्मान करने के बारे में भी है जो हर दिन मेहनत करके भारत का निर्माण करते हैं, चाहे वे किसी भी राज्य में रहते हों। हम इस साझेदारी को अपने स्टेकहोल्डर्स को टी20 की ऊर्जा और भरोसे व निरंतरता जैसे साझा मूल्यों के करीब लाने का माध्यम मानते हैं–छोटे शहरों के घरों से लेकर बड़े शहरों की बड़ी इंफ्रास्ट्रक्चर परियोजनाओं तक।''
राजस्थान रॉयल्स के चीफ ऑपरेटिंग ऑफिसर आलोक चित्रे ने कहा, ''हमें खुशी है कि 2026 सीज़न के लिए जेके लक्ष्मी सीमेंट राजस्थान रॉयल्स का प्रिंसिपल स्पॉन्सर बना है। यह हमारे लिए गर्व की बात है कि राजस्थान का एक प्रमुख ब्रांड रॉयल्स की जर्सी के पीछे होगा। राज्य और उससे आगे मजबूत उपस्थिति के कारण जेके लक्ष्मी सीमेंट हमारे लिए एक स्वाभाविक साझेदार है। हम पूरे सीज़न के दौरान प्रशंसकों और समुदायों के साथ मिलकर काम करने के लिए उत्साहित हैं।''
भारत की बदलती इन्फ्रास्ट्रक्चर और कंस्ट्रक्शन जरूरतों को समर्थन देते हुए जेके लक्ष्मी सीमेंट लगातार ऑपरेशनल मजबूती, इनोवेशन और दीर्घकालिक विकास पर ध्यान दे रहा है। इस तरह की रणनीतिक साझेदारियाँ ब्रांड को अपनी संस्कृति से जुड़े रहने, नए लोगों तक पहुँचने और जिन बाजारों की वह सेवा करता है उनके प्रति अपनी दीर्घकालिक प्रतिबद्धता को दर्शाने में मदद करती हैं।

## श्रीगंगानगर में दर्दनाक हादसा: करंट की चपेट में आने से आधा दर्जन गोवंश की मौत, लोगों में रोष

चमकता राजस्थान

**श्रीगंगानगर( संजय बिश्नोई)।** पदमपुर रोड स्थित जस्सा सिंह मार्ग के पास सोमवार को एक दर्दनाक हादसे में करीब आधा दर्जन गोवंश की करंट लगने से मौके पर ही मौत हो गई। बताया जा रहा है कि हाई टेंशन बिजली लाइन की तार अचानक टूटकर नीचे गिर गई, जिसकी चपेट में आने से सड़क किनारे खड़े गोवंश करंट की चपेट में आ गए और कुछ ही पलों में उनकी मौत हो गई।
हादसे की सूचना मिलते ही इलाके में हड़कंप मच गया। बड़ी संख्या में स्थानीय लोग मौके पर एकत्र हो गए और घटना पर आक्रोश जताया।



प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार बिजली लाइन लंबे समय से जर्जर हालत में थी, लेकिन विभाग द्वारा इसकी सुध नहीं ली गई।
घटना की जानकारी मिलते ही विशाल जांगिड़ (सीओ सिटी) मौके पर पहुंचे और हालात का जायजा लिया। वहीं पृथ्वी पाल सिंह (कोतवाली थाना प्रभारी) भी पुलिस टीम के साथ घटनास्थल पर मौजूद रहे और आवश्यक कार्रवाई शुरू करवाई।
स्थानीय लोगों ने इस हादसे के लिए बिजली विभाग की लापरवाही को जिम्मेदार ठहराया है। उनका कहना है कि हाई टेंशन लाइनों की समय-समय पर जांच और मरम्मत नहीं की जाती, जिसके चलते इस तरह के हादसे हो रहे हैं।
इधर बजरंग सेना की टीम ने घटना पर गहरा रोष व्यक्त किया है। संगठन के पदाधिकारियों ने कहा कि विभागीय लापरवाही के कारण निर्दोष गोवंश की जान गई है, इसलिए जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जानी चाहिए ताकि भविष्य में ऐसे हादसे दोबारा न हों।
फिलहाल पुलिस और संबंधित विभाग पूरे मामले की जांच में जुटे हुए हैं। घटना के बाद क्षेत्र में भारी रोष का माहौल है और लोग दोषियों पर कार्रवाई की मांग कर रहे हैं।

## भारत-माला एक्सप्रेसवे पर बड़ी कार्रवाई: ट्रक से 10.7 किलो अफीम और 5 किलो डोडा पोस्त बरामद, दो अंतरराज्यीय तस्कर गिरफ्तार

**चमकता राजस्थान/श्रीगंगानगर( संजय बिश्नोई)।** नशे के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत बीकानेर रेंज पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। विशेष टीम और राजियासर थाना पुलिस की संयुक्त कार्रवाई में ट्रक से भारी मात्रा में अवैध मादक पदार्थ बरामद करते हुए दो अंतरराज्यीय तस्करों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने कार्रवाई के दौरान 10 किलो 700 ग्राम अफीम और 5 किलो डोडा पोस्त बरामद किया है, जिसकी बाजार कीमत करीब 35 से 40 लाख रुपये आंकी जा रही है।



जानकारी के अनुसार बीकानेर रेंज के महानिरीक्षक ओमप्रकाश के निर्देश पर अवैध मादक पदार्थों के खिलाफ विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसी अभियान के तहत अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (अपराध एवं सतर्कता) पवन कुमार भदौरिया के सुपरविजन में टीम ने 16 मार्च 2026 को भारतमाला एक्सप्रेस-वे पर नाकाबंदी कर संदिग्ध वाहनों की जांच शुरू की। जांच के दौरान पुलिस ने ट्रक नंबर RJ14 GE 5446 को रुकवाकर तलाशी ली। तलाशी के दौरान ट्रक के केबिन से 10 किलो 700 ग्राम अफीम और 5 किलो डोडा पोस्त बरामद हुआ। पुलिस ने मौके पर ही दो तस्करों को गिरफ्तार कर लिया।
गिरफ्तार आरोपियों की पहचान कुलदीप पुत्र शाकिरचंद (30 वर्ष) निवासी गंगा, तहसील मंडी डबवाली जिला सिरसा (हरियाणा) तथा शिवकुमार पुत्र गोपीराम (55 वर्ष) निवासी गंगा, तहसील मंडी डबवाली जिला सिरसा (हरियाणा) के रूप में हुई है। दोनों आरोपी अंतरराज्यीय स्तर पर मादक पदार्थों की तस्करी में लिप्त बताए जा रहे हैं।
इस कार्रवाई में रेंज कार्यालय बीकानेर के सहायक उपनिरीक्षक विमलेश कुमार, कांस्टेबल बाबूलाल, कांस्टेबल भगवानलाल तथा पुलिस थाना राजियासर के उपनिरीक्षक मयूर सहित पूरी टीम शामिल रही।
पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है और मादक पदार्थ तस्करी से जुड़े पूरे नेटवर्क की जांच शुरू कर दी है। माना जा रहा है कि पूछताछ में इस गिरोह से जुड़े अन्य लोगों के नाम भी सामने आ सकते हैं।

## श्रीनगर कस्बे में ग्राम विकास संघर्ष समिति का हुआ गठन युवा पीढ़ी सामने उज्जवल यादव बने अध्यक्ष गांव की समस्याओं पर जोर

चमकता राजस्थान

**रघुनंदन पारीक श्रीनगर/अजमेर।** श्रीनगर कस्बे की समस्याओं का निदान कराने हेतु ग्राम विकास युवा संघर्ष समिति समिति का आज सभी गांव के लोगों के साथ मिल श्रीनगर के युवा उज्जवल यादव को श्रीनगर ग्राम विकास समिति संघर्ष समिति का अध्यक्ष नियुक्त किया गया। ग्राम विकास के मुद्दों पर संघर्ष समिति करेगी कार्य। उच्च अधिकारियों एवं राजनेताओं से मिलकर समस्याओं का किया



जाएगा निवारण। खातेदारी में आबादी भूमि को डूब से मुक्त रखा जाए। बाजार दर के अनुसार उचित मुआवजा और पुनर्वास सुनिश्चित हो। श्रीनगर से अजमेर मार्ग में दो किमी लंबी एलिवेटेड रोड का निर्माण हो मोर सागर बांध का नक्शा सार्वजनिक किया जाए। तालाब की मोरिया की मरम्मत व सिंचाई सुविधा बेहतर की जाए।इस दौरान जिला परिषद सदस्य श्रवण सिंह रावत पूर्व सरपंच रामकरण यादव ,भाजपा के देहात मंत्री महावीर मेघवंशी, हंसराज रावत, रामदेव, कन्हैया लाल आचार्य, प्रभु लाल , जगदीश, छोटू लक्ष्मण , रामदेव खजुरिया, रामचंद्र रामदेव चौहान व गोपी रावतष जय सिंह रावत उज्जवल यादव ,मयंक पारीक ,बाबू गुर्जर एवं समस्त संघर्ष समिति सदस्य क्षेत्र के किसान मौजूद रहे।

# राजकीय महाविद्यालय व कन्या महाविद्यालय बाड़ी में राजस्थान दिवस पर भाषण- निबंध प्रतियोगिताएं आयोजित

चमकता राजस्थान

**धौलपुर रामदास तरुण। बाड़ी उपखंड की खबर।** राजकीय महाविद्यालय तथा कन्या महाविद्यालय बाड़ी में प्राचार्य प्रोफेसर डॉ. मनोज कुमार सिंह के निर्देशन में राजस्थान दिवस समारोह उत्साहपूर्वक मनाया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि प्रोफेसर रीता सिंह रहीं। समारोह में विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और विभिन्न प्रतियोगिताओं के माध्यम से राजस्थान की समृद्ध संस्कृति व इतिहास को याद किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्राचार्य प्रो. डॉ. मनोज कुमार सिंह ने



कहा कि राजस्थान की विविधता, कला और संस्कृति को जीवित बनाए रखने के लिए युवाओं का अपनी जड़ों और संस्कारों से जुड़े रहना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि रंगीला राजस्थान हर दृष्टि से समृद्ध है, और प्रदेश के हर क्षेत्र में वीरता और साहस की प्रेरक कथाएं प्रचलित हैं। यह वीर प्रसूता भूमि आन- बान- शान और मर्यादा की प्रतीक रही है। मुख्य अतिथि प्रोफेसर रीता सिंह ने कहा कि राजस्थान का ऐतिहासिक परिदृश्य अत्यंत गौरवपूर्ण रहा है। यहां आने वाले देश-विदेश के पर्यटक प्रदेश की खूबसूरती, ऐतिहासिक इमारतों और किलों को देखकर अभिभूत हो जाते हैं। उन्होंने विद्यार्थियों से राजस्थान के गौरवशाली इतिहास और संस्कृति को समझने का आ''ान किया। इस अवसर पर विद्यार्थियों के लिए भाषण और निबंध प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। भाषण प्रतियोगिता का विषय ''राजस्थान का एकीकरण एवं निर्माण'' रखा गया, जिसमें छात्र-छात्राओं ने अपने विचार व्यक्त किए। वहीं निबंध प्रतियोगिता में ''राजस्थान की एकीकरण प्रक्रिया'' विषय पर विद्यार्थियों ने लेखन किया।
भाषण प्रतियोगिता में छात्रा गुनगुन परमार ने प्रथम, छात्रा चंचल ने द्वितीय तथा छात्र बॉबी सिंह गुर्जर ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। वहीं निबंध प्रतियोगिता में छात्र गौतम लवानिया प्रथम, छात्रा साक्षी बघेला द्वितीय तथा छात्रा तनीषा वर्मा तृतीय स्थान पर रहीं।
राजस्थान को जानो थीम के अंतर्गत आयोजित इस साप्ताहिक समारोह में महाविद्यालय के सैकड़ों छात्र- छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों ने अपने ज्ञान, प्रतिभा और कौशल का प्रभावशाली प्रदर्शन किया।
इस अवसर पर महाविद्यालय के संकाय सदस्य डॉ. धर्मेंद्र कुमार मीणा, सहायक आचार्य केशव कुमार यादव, ओमप्रकाश गुर्जर, नरेंद्र कुमार लवानिया, डॉ. दिनेश कुमार वर्मा, गणित के सहायक आचार्य अभिषेक गौड़, सहायक आचार्य मनोज गौतम, पुस्तकालय प्रभारी शुभम भारद्वाज, मंत्रालय कर्मचारी अजय कुमार, फरमान तथा राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी प्रकाश राम गुर्जर उपस्थित रहे और कार्यक्रम के सफल संचालन में सहयोग दिया।

## संक्षिप्त समाचार

### नाकाबंदी तोड़कर भागा शराब तस्कर, पुलिस ने दबोचा – ''दाल में कुछ काला'' निकला तो कार से निकली 15 पेटी अंग्रेजी शराब

**चमकता राजस्थान/धरम सिंह ठाकुर, डिंडौरी।** जिले में अवैध नशे के कारोबार पर लगाम कसने के लिए चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत कोतवाली पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस ने एक कार से भारी मात्रा में अंग्रेजी शराब बरामद करते हुए आरोपी को गिरफ्तार किया है। कहा जाता है कि ''कानून के लंबे हाथों से कोई नहीं बच सकता'', और इस कार्रवाई ने इसे एक बार फिर साबित कर दिया। पुलिस अधीक्षक वाहनी सिंह एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अमित वर्मा के निर्देश तथा एसडीओपी सतीष द्विवेदी के मार्गदर्शन में जिलेभर में अवैध नशे के खिलाफ अभियान चलाया जा रहा है। इसी अभियान के तहत 15 और 16 मार्च 2026 की मध्य रात्रि को कोतवाली पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि मंडला की ओर से एक सफेद रंग की वैगनआर कार (क्रमांक एमपी 20 जेडसी 7868) में एक व्यक्ति बड़ी मात्रा में अवैध शराब लेकर डिंडौरी की ओर आ रहा है। सूचना मिलते ही थाना प्रभारी कोतवाली ने पुलिस टीम के साथ गैस गोदाम के पास स्टॉपर लगाकर नाकाबंदी की। इसी दौरान तेज गति से आती कार को रोकने का प्रयास किया गया, लेकिन चालक ''चोर की दाढ़ी में तिनका'' वाली कहावत को सच साबित करते हुए स्टॉपर को टक्कर मारकर अमरकंटक रोड की ओर भागने लगा। पुलिस ने भी पीछा नहीं छोड़ा और आखिरकार आरोपी ने ग्राम कूड़ा के पास गोमती नदी पुल से पहले भर्रा में गाड़ी छिपाने की कोशिश की, लेकिन पुलिस ने घेराबंदी कर उसे धर दबोचा। पुलिस ने आरोपी संजय अग्रवाल (52 वर्ष) निवासी शारदा विहार कटंगी रोड करमेता थाना माढोताल, जिला जबलपुर को मौके से गिरफ्तार कर लिया। तलाशी लेने पर कार से 15 पेटी अंग्रेजी शराब (करीब 130 लीटर 320 एमएल) बरामद की गई।

### हिंदी साहित्य सम्मेलन प्रयाग का 77वा त्रिदिवसीय अधिवेशन गुजरात में




**चमकता राजस्थान/जयपुर।** प्रयागराज हिंदी साहित्य सम्मेलन प्रयागराज का 77 वा त्रिदिवसीय अधिवेशन गुजरात के सोमनाथ वेरावल स्थित सोमनाथ संस्कृत यूनिवर्सिटी के तत्वाधान में दिनांक 20 ,21, 22 मार्च 2026 को आयोजित किया जा रहा है। हिंदी साहित्य सम्मेलन प्रयागराज के प्रधानमंत्री कूनतक मिश्र ने बताया इस अधिवेशन में देश के विभिन्न अंचलों से लबंद प्रतिष्ठित साहित्यकार, विचारक, शिक्षाविद एवं हिंदी सेबी प्रतिनिधि हिस्सा लेंगे, इस अधिवेशन में साहित्य परिषद, राष्ट्रभाषा परिषद एवं समाजशास्त्र परिषद जैसी महत्वपूर्ण संगोष्टियां संपन्न होगी जिसमें साहित्य भाषा और समाज संबंधी विषयों पर वरिष्ठ विद्वानों द्वारा व्यापक विचार विमर्श एवं समीक्षण होगा। हिंदी साहित्य सम्मेलन प्रयागराज के स्वतंत्रता पूर्व सन 1910 से अब तक 76 अधिवेशन देश के विभिन्न अंचलों में संपन्न हो चुके हैं। परीसंवाद के विषय कर्मश हिंदी साहित्य में सोमनाथ स्वाभिमान की अनुगुंज देवनागरी का संक्षिप्तकरण भारतीय परंपरा बोध दिशा और आधुनिकरण है इस अधिवेशन में हिंदी प्रचार प्रसार संस्थान जयपुर राजस्थान के प्रतिनिधि के रूप में संस्थान के कुलसचिव अविनाश शर्मा एवं जागृति आर्ट सोसाइटी के अध्यक्ष वरिष्ठ अधिवक्ता गोपेश शर्मा हिस्सा लेंगे।

### रामझरोखा आश्रम के मेले में उमड़ा आस्था का सैलाब,

- भव्य गैर नृत्य और रौनक से गुलजार रहा जीवंद कला



**चमकता राजस्थान/जुगल किशोर बावल/जीवंद कला।** बोलागुड़ा रोड स्थित केसाराम जी महाराज के पावन रामझरोखा आश्रम राणाजी पाल में सोमवार को आयोजित वार्षिक मेले में आस्था का अद्भुत नजारा देखने को मिला। दूर-दराज़ गांवों से हजारों श्रद्धालु यहां पहुंचकर बाबा केसाराम जी महाराज के दरबार में शीश नवाने आए। पूरे दिन आश्रम परिसर में भक्तों की लंबी कतारें लगी रहीं और वातावरण भक्ति व उल्लास से सराबोर रहा।

मेले में पहुंचे श्रद्धालुओं ने केसाराम जी महाराज के मंदिर और मामाजी मंदिर में फूल-मालाएं अर्पित कर नारियल की जोत जलाकर अपनी मनोकामनाएं मांगी। भक्तों ने परिवार की सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना करते हुए बाबा के जयकारों के साथ दर्शन किए।

मेले की रौनक बच्चों और युवाओं के उत्साह से और भी बढ़ गई। बच्चों ने झूलों का भरपूर आनंद लिया, वहीं मेले में लगी चाट-पकौड़ी, मिठाइयों और अन्य चटपटे व्यंजनों की दुकानों पर लोगों की अच्छी खासी भीड़ देखने को मिली।

महिलाओं ने भी मेले में सजी रंग-बिरंगी दुकानों से घरेलू सामान, श्रृंगार सामग्री और खिलौनों की जमकर खरीदारी की। पूरे मेले में ग्रामीण संस्कृति और पारंपरिक मेलों की झलक साफ दिखाई दी।

मेले के दौरान आयोजित भव्य गैर नृत्य ने सभी का ध्यान अपनी ओर आकर्षित किया। ढोल-नगाड़ों की गूंज और पारंपरिक वेशभूषा में कलाकारों द्वारा प्रस्तुत गैर नृत्य ने मेले में चार चांद लगा दिए। इस मनमोहक प्रस्तुति को देखने के लिए बड़ी संख्या में लोग देर तक जुटे रहे।

आस्था, संस्कृति और उल्लास का संगम बने इस मेले ने एक बार फिर क्षेत्र की धार्मिक परंपरा और सामाजिक एकता की मिसाल पेश की।

---

राजस्थानी कहानी संग्रह 'भरखमा' को मिलेगा वर्ष 2025 का साहित्य अकादमी पुरस्कार

# जयपुर कलक्टर डॉ. जितेंद्र कुमार सोनी को मिला देश का सर्वोच्च राजकीय साहित्यिक सम्मान

## प्रशासनिक जिम्मेदारियों के साथ डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी साहित्य के क्षेत्र में भी लहराया परचम

चमकता राजस्थान






जयपुर। जयपुर जिला कलक्टर डॉ. जितेंद्र कुमार सोनी को राजस्थानी भाषा में उनकी चर्चित कहानी संग्रह 'भरखमा' के लिए वर्ष 2025 का साहित्य अकादमी पुरस्कार प्रदान किए जाने की घोषणा की गई है। देश की प्रतिष्ठित साहित्यिक संस्था साहित्य अकादमी, नई दिल्ली द्वारा प्रतिवर्ष 24 मान्यता प्राप्त भारतीय भाषाओं में प्रकाशित उत्कृष्ट कृतियों को यह सर्वोच्च राजकीय साहित्यिक सम्मान प्रदान किया जाता है। इस सम्मान के अंतर्गत एक लाख रुपये की पुरस्कार राशि, प्रशस्ति-पत्र तथा प्रतीक-चिह्न प्रदान किया जाता है। साहित्य अकादमी पुरस्कार भारतीय साहित्य जगत का सबसे प्रतिष्ठित सम्मान माना जाता है। साहित्य अकादमी द्वारा पुरस्कार की घोषणा के साथ ही राजस्थानी साहित्य जगत में प्रसन्नता और हर्ष का वातावरण व्याप्त हो गया है। विभिन्न साहित्यकारों, बुद्धिजीवियों, पाठकों तथा प्रशासनिक अधिकारियों ने डॉ. सोनी को इस उपलब्धि पर हार्दिक बधाई देते हुए इसे राजस्थान और राजस्थानी भाषा के लिए गौरवपूर्ण उपलब्धि करार दिया है।

डॉ. जितेंद्र कुमार सोनी एक कुशल प्रशासक होने के साथ-साथ संवेदनशील और प्रतिबद्ध साहित्यकार के रूप में भी अपनी विशिष्ट पहचान रखते हैं। यही कारण है कि प्रशासनिक दायित्वों की व्यस्तताओं के बीच भी उन्होंने साहित्य सृजन की अपनी साधना को निरंतर जारी रखा है। उनकी लेखनी में समाज, लोकजीवन, मानवीय संवेदनाओं और समकालीन यथार्थ का सशक्त एवं प्रभावी चित्रण देखने को मिलता है।

राजस्थानी और हिन्दी दोनों भाषाओं में सक्रिय डॉ. सोनी कहानी, कविता, डायरी लेखन तथा अनुवाद के क्षेत्र में निरंतर सृजनरत हैं। अब तक उनकी 15 से अधिक पुस्तकें प्रकाशित हो चुकी हैं, जिन्हें पाठकों और साहित्यिक समीक्षकों द्वारा व्यापक सराहना प्राप्त हुई है। उनकी रचनाओं में लोक संस्कृति की गहरी समझ, मानवीय संबंधों की सूक्ष्म संवेदनाएँ तथा सामाजिक यथार्थ का जीवंत चित्रण प्रतिबिंबित होता है।

डॉ. जितेंद्र कुमार सोनी की कहानी संग्रह 'भरखमा' राजस्थानी साहित्य की महत्वपूर्ण कृतियों में गिनी जाती है। इस संग्रह की कहानियाँ ग्रामीण परिवेश, मानवीय रिश्तों, जीवन संघर्ष और सांस्कृतिक मूल्यों को अत्यंत मार्मिक और प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत करती हैं। इस कृति की लोकप्रियता का अनुमान इसी तथ्य से लगाया जा सकता है कि इसी कहानी पर आधारित राजस्थानी फिल्म 'भरखमा' का भी निर्माण किया जा चुका है, जिसने क्षेत्रीय सिनेमा और साहित्य दोनों को नई पहचान प्रदान की है।

डॉ. सोनी को इससे पूर्व भी साहित्य के क्षेत्र में उनके उल्लेखनीय योगदान के लिए अनेक प्रतिष्ठित पुरस्कारों और सम्मानों से सम्मानित किया जा चुका है। उल्लेखनीय है कि वर्ष 2016 में राजस्थानी कविता संग्रह 'रणखार' के लिए साहित्य अकादेमी, नई दिल्ली का युवा पुरस्कार उन्हें प्राप्त हुआ था। इसके अतिरिक्त हिन्दी कविता संग्रह 'रेगमाल' के लिए राजस्थान साहित्य अकादमी, उदयपुर का 'सुधींद्र पुरस्कार' तथा राजस्थानी कहानी संग्रह 'भरखमा' के लिए राजस्थानी भाषा, साहित्य एवं संस्कृति अकादमी, बीकानेर का 'मुरलीधर व्यास राजस्थानी कथा साहित्य पुरस्कार' सहित कई महत्वपूर्ण सम्मान उन्हें मिल चुके हैं।

29 नवंबर 1981 को ग्राम धन्नासर, जिला हनुमानगढ़ (राजस्थान) में जन्मे डॉ. जितेंद्र कुमार सोनी वर्तमान में जयपुर के जिला कलेक्टर के रूप में कार्यरत हैं। राजस्थानी और हिन्दी में कहानी, कविता और डायरी लेखन के साथ-साथ उन्होंने अनुवाद और संपादन के क्षेत्र में भी महत्वपूर्ण योगदान दिया है। उनकी अब तक 15 से अधिक पुस्तकें प्रकाशित हो चुकी हैं।

डॉ. जितेंद्र कुमार सोनी ने उम्मीदों के चिराग, रेगमाल (हिन्दी कविता संग्रह), रणखार (राजस्थानी कविता संग्रह), एडियोस (हिन्दी कहानी संग्रह), भरखमा (राजस्थानी कहानी संग्रह), यादावरी (हिन्दी डायरी), ओकुहेपा (हिन्दी यात्रा वृत्तांत), लगमात (राजस्थानी डायरी), म्हारै पांती रा पाना (पंजाबी से राजस्थानी अनुवाद), देह-रा में आज ई उगै है आपणा रूंख (अंग्रेजी से राजस्थानी अनुवाद), भणाई रो मारग (गुजराती से राजस्थानी अनुवाद), निर्वाण (पंजाबी से हिन्दी अनुवाद), शब्दों की सीप, अड़तालीस कदम तथा सनागत (संपादन) के द्वारा अपनी साहित्यिक यात्रा को एक अनहद मुकाम पर ले जा रहे हैं।

डॉ. सोनी की इस उल्लेखनीय उपलब्धि से न केवल जयपुर जिले बल्कि समूचे राजस्थान को गौरव प्राप्त हुआ है। साथ ही यह सम्मान राजस्थानी भाषा और साहित्य की समृद्ध परंपरा को राष्ट्रीय मंच पर नई पहचान दिलाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर सिद्ध होगा।

---

## राज्य में LPG की कमी; सरकार मार्केट में बड़ी मात्रा में केरोसीन उपलब्ध कराने की योजना बना रही है: मंत्री छगन भुजबल

चमकता राजस्थान

अरविंद कोठारी/ठाणे। राज्य सरकार ने राज्य में घरेलू गैस यानी छढ्ढ्रकी कमी से पैदा हुई स्थिति के समाधान के तौर पर मार्केट में बड़ी मात्रा में केरोसीन उपलब्ध कराने की योजना बनाई है। राज्य के खाद्य और नागरिक आपूर्ति मंत्री छगन भुजबल ने कहा कि इसका मकसद यह है कि अगर लोगों को समय पर गैस सिलेंडर नहीं मिलते हैं तो वे केरोसीन का इस्तेमाल विकल्प के तौर पर कर सकें।

सोमवार को विधानसभा सत्र में बयान देते हुए भुजबल ने कहा कि उन्होंने पेट्रोलियम कंपनियों (BPCL), (HPCL) और (IOCL) के प्रतिनिधियों से चर्चा की है। इन कंपनियों ने बताया कि उन्होंने राज्य में घरेलू गैस का रोज़ाना का प्रोडक्शन 9000 मीट्रिक टन से बढ़ाकर 11,000 मीट्रिक टन कर दिया है। उन्होंने यह भी कहा कि LPG प्रोडक्शन में आ रही दिक्कतों को दूर करने के लिए काम चल रहा है।

मौजूदा गैस की कमी को दूर करने के लिए घरेलू गैस प्रोडक्शन को सबसे ज़्यादा प्राथमिकता दी गई है। इसके बाद बची हुई गैस को अस्पतालों, शिक्षण संस्थानों, वृद्धाश्रमों और श्मशान घाटों को 100 परसेंट प्राथमिकता दी जाएगी। छढ्ढ्रके वितरण में दवा उद्योग और रक्षा क्षेत्र की कैंटीनों को 50 परसेंट प्राथमिकता दी जाएगी, यह भी भुजबल ने स्पष्ट किया। केरोसिन के इस्तेमाल के बारे में बोलते हुए उन्होंने कहा कि राज्य में केरोसिन का पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध है। पहले, कोर्ट के आदेशों के कारण, उज्ज्वला योजना के लाभार्थियों को केरोसिन देने पर रोक थी। हालांकि, अब सभी को केरोसिन उपलब्ध कराने के बारे में कोर्ट को सूचित किया गया है।

इस बीच, केरोसिन के पूरी तरह से बंद होने के कारण डीलरों की चेन टूट गई थी। इसलिए, BPCL, HPCL और IOCL के पेट्रोल पंपों पर केरोसिन उपलब्ध कराने का फैसला किया गया है। इससे केरोसिन में मिलावट के मामलों में भी कमी आएगी, भुजबल ने कहा। LPG का विषय केंद्र सरकार के अधिकार क्षेत्र में आता है। केंद्र सरकार ने कहा है कि छढ्ढ्रका स्टॉक काफी है और लाइनों और ब्लैक मार्केटिंग को रोकने के लिए खास कमेटियां बनाई गई हैं। भुजबल ने सदन को यह भी बताया कि अब तक इस ऑपरेशन में 1208 गैस सिलेंडर और करीब 33 लाख रुपये कीमत का कीमती सामान जब्त किया गया है।

---

## ग्राम जल समिति सदस्यों के दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ

चमकता राजस्थान




- बिजली बिलों का मौके पर निस्तारण
- पारंपरिक जल स्रोतों के संरक्षण एवं सामुदायिक प्रबंधन पर दिया प्रशिक्षण

अनिल सैन/ फलोदी। उरमूल सीमांत समिति बज्जू द्वारा एसबीआई फाउंडेशन के सहयोग से संचालित जलधारा परियोजना के अंतर्गत देचू पंचायत समिति क्षेत्र की ग्राम पंचायत कोलू निम्बावत स्थित नागाणाराय नाडी के पुनरोद्धार के लिए गठित ग्राम जल समिति सदस्यों के दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ रविवार को हुआ।

प्रशिक्षण कार्यक्रम में ग्राम जल समिति के सदस्यों के साथ अन्य ग्रामीणों ने भी उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस दौरान ग्रामीणों को पारंपरिक जल स्रोतों के संरक्षण, रखरखाव एवं सामुदायिक प्रबंधन के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई।

इस मौके पर परियोजना के जिला प्रबंधक पुखराज जयपाल ने बताया कि राजस्थान के ग्रामीण क्षेत्रों में नाडी, तालाब, बेरा, बेरी एवं बावड़ी जैसे पारंपरिक जल स्रोत सदियों से पानी की जरूरत को पूरा करते आए हैं। इन स्रोतों के संरक्षण के लिए समाज में पहले से ही अनेक नियम एवं व्यवस्थाएं प्रचलित थीं, जिनकी पालना कर लोग जल का समुचित उपयोग और संरक्षण करते थे।

उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में बढ़ते जल संकट को देखते हुए इन पारंपरिक स्रोतों की देखरेख एवं पुनरोद्धार बेहद जरूरी है। यदि अभी इन प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण पर ध्यान दिया जाए और सामुदायिक स्तर पर जिम्मेदारी निभाई जाए तो आने वाली पीढ़ियों के लिए भी पानी की उपलब्धता सुनिश्चित की जा सकती है।

प्रशिक्षण के दौरान ग्राम जल समिति की भूमिका, जल स्रोतों की नियमित देखरेख, सफाई तथा समुदाय की भागीदारी जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर भी चर्चा की गई। दो दिवसीय इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में ग्रामीणों को जल संरक्षण एवं प्रबंधन से जुड़ी विभिन्न जानकारियां दी जाएंगी।

---

## दिवा प्रभाग समिति के अतिक्रमण विभाग की सहायक आयुक्त ने साप्ताहिक बाजारों पर कार्रवाई के दिए निर्देश



**चमकता राजस्थान/अरविंद कोठारी/दिवा।** दिवा प्रभाग समिति क्षेत्र में पिछले कुछ दिनों से अवैध फेरीवालों के खिलाफ कार्रवाई की मांग लगातार उठ रही थी। सामाजिक कार्यकर्ता अमोल केन्द्रे और नगरसेवकों द्वारा बार-बार शिकायत किए जाने के बाद अतिक्रमण विभाग के सहायक आयुक्त Shivprasad Nagargoje ने सुबह और शाम के लिए दो टीमों का गठन कर सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए थे।

हालांकि दिवा में लगने वाले छह दिन के साप्ताहिक बाजारों पर अब तक किसी प्रकार की ठोस कार्रवाई नहीं होने से स्थानीय लोगों में नाराजगी दिखाई दे रही है। इस संबंध में समाजसेवक अमोल केन्द्रे और कुछ पत्रकारों ने सहायक आयुक्त से मुलाकात कर अपनी शिकायत रखी।

मुलाकात के दौरान उन्होंने मांग की कि दिवा के स्थानीय लोगों को ही फेरीवाले के रूप में व्यापार करने की अनुमति दी जाए और इसके लिए आधार कार्ड की जांच अनिवार्य की जाए। साथ ही दिवा में लगने वाले सभी छह साप्ताहिक बाजारों पर कार्रवाई करने की भी मांग की गई। उनका कहना है कि इन बाजारों में बाहरी लोग बड़ी संख्या में आकर सामान बेचते हैं, जिससे स्थानीय व्यापारियों को रोजाना भारी नुकसान उठाना पड़ रहा है।

इस पर सहायक आयुक्त ने सकारात्मक प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि वे संबंधित अधिकारियों के साथ बैठक कर उचित निर्देश देंगे और साप्ताहिक बाजारों पर कार्रवाई की जाएगी, चाहे वह बाजार किसी भी मैदान में लग रहा हो या सड़क किनारे।

वहीं कुछ फेरीवालों का कहना है कि साप्ताहिक बाजार में व्यापार करने के लिए उन्हें कुछ लोगों को रोजाना 200 से 300 रुपये तक ''हफ्ता'' देना पड़ता है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि ऐसे बाजारों के कारण दिवा क्षेत्र में चोरी और जेबकतरी की घटनाएं भी बढ़ रही हैं।

दिवा के नागरिकों का यह भी कहना है कि कुछ लोग पैसे के लालच में आठवडी बाजार लगवा रहे हैं। उनके अनुसार ऐसे बाजारों में बाहरी लोगों के साथ बांग्लादेशी नागरिकों के आने की भी संभावना रहती है। इसलिए आठवडी बाजार बंद कर फेरीवालों की पूरी जांच की जानी चाहिए।

स्थानीय लोगों की मांग है कि फेरीवालों के पास महाराष्ट्र राज्य का राशन कार्ड, वोटिंग कार्ड और आधार कार्ड होना चाहिए। जांच के बाद ही उन्हें फेरीवाला लाइसेंस और व्यापार करने के लिए जगह दी जानी चाहिए।

इस संबंध में सहायक आयुक्त Shivprasad Nagargoje ने कहा कि इस विषय पर जल्द ही उचित कार्रवाई की जाएगी।

---

सहारनपुर में पीएम आवास योजना 2.0 का शंखनादः

## मुख्यमंत्री ने 10,214 लाभार्थियों को भेजी पहली किश्त, सुनीता से कहा- शानदार घर बनाइये

चमकता राजस्थान






**अब्दुल खालिद/सहारनपुर।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सहारनपुर जनपद के विकास और गरीबों के कल्याण की दिशा में एक बड़ा कदम उठाते हुए प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी)-2.0 के तहत प्रदेश में सर्वाधिक 10,214 लाभार्थियों को प्रथम किश्त के रूप में एक-एक लाख रुपये की धनराशि का ऑनलाइन हस्तांतरण किया। जनपद के जनमंच में आयोजित एक गरिमामयी समारोह के दौरान, जहाँ स्थानीय विधायकों और प्रशासनिक अधिकारियों ने लाभार्थियों को स्वीकृति प्रमाण पत्र बांटे, वहीं मुख्यमंत्री ने एनआईसी के माध्यम से वर्चुअली जुड़कर लाभार्थियों का उत्साहवर्धन किया। विशेष रूप से नुमाइश कैंप की निवासी सुनीता से संवाद करते हुए मुख्यमंत्री ने आत्मीयता के साथ उनके परिवार का हाल जाना और उन्हें प्रोत्साहित करते हुए कहा कि वे एक अच्छा और पक्का घर बनाएं, जिसके लिए सरकार द्वारा अभी दो और किश्तें जारी की जाएंगी। मुख्यमंत्री ने अपने संबोधन में इस बात पर जोर दिया कि उनकी सरकार 'चेहरा देखकर' नहीं, बल्कि 'पात्रता' के आधार पर बिना किसी भेदभाव के दलितों, पिछड़ों और वंचितों को लाभ पहुंचा रही है, जिससे न केवल उनके जीवन स्तर में सुधार होगा बल्कि प्रदेश की अर्थव्यवस्था को भी नई गति मिलेगी। कार्यक्रम में मौजूद जनप्रतिनिधियों ने इसे अंत्योदय के सपने को साकार करने वाला पल बताया, जहाँ प्रधानमंत्री के 'सबका साथ-सबका विकास' के मंत्र को धरातल पर उतारते हुए हजारों परिवारों को कच्चे मकानों की असुरक्षा से मुक्ति दिलाई गई है।

## संक्षिप्त समाचार

### 1 अप्रैल से शुरू होगी सरसों एवं चना की समर्थन मूल्य पर खरीद

- **20 मार्च से पंजीकरण प्रक्रिया होगी प्रारम्भ, जयपुर में 42 खरीद केन्द्र स्थापित**

**चमकता राजस्थान/जयपुर!(खलील कुरैशी) 16 मार्च।** रबी विपणन वर्ष 2026-27 के अंतर्गत कृषि जिन्स सरसों एवं चना की समर्थन मूल्य पर खरीद हेतु पंजीकरण प्रक्रिया दिनांक 20 मार्च 2026 से प्रारम्भ की जा रही है। पंजीकृत किसानों से इन फसलों की खरीद 1 अप्रैल 2026 से प्रारम्भ की जाएगी।उप रजिस्ट्रार, सहकारी समितियां जयपुर ग्रामीण उदयदीप सिंह राठौड़ ने बताया कि भारत सरकार द्वारा निर्धारित एफएक्यू मापदण्ड के अनुसार चना का न्यूनतम समर्थन मूल्य 5,875 रुपये प्रति क्विंटल तथा सरसों का 6,200 रुपये प्रति क्विंटल घोषित किया गया है।किसानों की सुविधा तथा खरीद से संबंधित किसी भी समस्या के त्वरित समाधान के लिए टोल-फ्री हेल्पलाइन नंबर 1800-180-6001 भी उपलब्ध कराया गया है।वहीं, उप रजिस्ट्रार, सहकारी समितियां जयपुर ग्रामीण श्री शिरीष वी. चान्दे ने बताया कि पंजीकृत किसानों से अनुरोध है कि वे अपने मोबाइल पर प्राप्त संदेश के अनुसार निर्धारित तिथि पर ही अपनी एफएक्यू मापदण्ड की उपज संबंधित खरीद केन्द्र पर लेकर आएं। किसानों को यह भी ध्यान रखना होगा कि निर्धारित तिथि से अधिकतम 10 दिवस के भीतर ही उपज की तुलाई करवाई जा सकती है, ताकि समय पर उपज का भुगतान सुनिश्चित किया जा सके।जयपुर जिले में किसानों की सुविधा के लिए कुल 42 खरीद केन्द्र स्थापित किए गए हैं, जहां सरसों एवं चना की खरीद की जाएगी।

### पूर्व सांसद स्वामी सुमेधानंद सरस्वती ने दिल्ली में केंद्रीय मंत्रियों से की मुलाकात

- **रेल परियोजनाओं और क्षेत्रीय विकास योजनाओं पर हुई महत्वपूर्ण चर्चा**

**चमकता राजस्थान/जयपुर/नई दिल्ली, 16 मार्च (खलील कुरैशी)**



। पूर्व सांसद स्वामी सुमेधानंद सरस्वती सोमवार को नई दिल्ली प्रवास पर रहे, जहां उन्होंने केंद्र सरकार के वरिष्ठ मंत्रियों से शिष्टाचार मुलाकात कर सीकर संसदीय क्षेत्र के विकास से जुड़े मुद्दों पर चर्चा की।स्वामी सुमेधानंद सरस्वती ने केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव से मुलाकात कर सीकर संसदीय क्षेत्र से संबंधित महत्वपूर्ण रेल परियोजनाओं, रेल सुविधाओं के विस्तार और लंबित प्रस्तावों पर विस्तृत चर्चा की।इसके अलावा उन्होंने केंद्रीय उपभोक्ता मामले, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण तथा नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री प्र''ाद जोशी से भी भेंट कर सीकर क्षेत्र में संचालित विभिन्न विकास योजनाओं और जनहित के मुद्दों पर विचार-विमर्श किया।दोनों केंद्रीय मंत्रियों ने स्वामी सुमेधानंद सरस्वती को आश्वस्त किया कि सीकर संसदीय क्षेत्र के समग्र विकास के लिए केंद्र सरकार हर संभव सहयोग और सहायता प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है।

### 17 मार्च को जयपुर प्रथम में खाद्य व्यापारियों को मिलेगा फॉस्टेग प्रशिक्षण : डॉ. रवि शेखावत

FoSTaC
Food Safety Training & Certification
fssai committed to build a culture of self compliance

**चमकता राजस्थान/जयपुर (खलील कुरैशी) जयपुर प्रथम ।** खाद्य सुरक्षा और स्वच्छता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से जयपुर प्रथम क्षेत्र में खाद्य व्यापारियों और फूड हैंडलर्स के लिए फॉस्टेग (फूड सेफ्टी ट्रेनिंग एंड सर्टिफिकेशन) प्रशिक्षण का आयोजन किया जाएगा। यह प्रशिक्षण मंगलवार, 17 मार्च को दो विभिन्न स्थलों पर दो बैच में आयोजित होगा। प्रशिक्षण सामुदायिक केन्द्र, दूध मंडी, सुभाष नगर शॉपिंग सेंटर (शास्त्री नगर) में प्रातः 9:00 बजे से दोपहर 12:00 बजे तक तथा दोपहर 01 से सांय 04 बजे तक आयोजित होगा। इसी प्रकार पतासे वालों की बगीची, मोती डूंगरी रोड, जयपुर में प्रातः 9:00 बजे से दोपहर 12:00 बजे तक तथा दोपहर 01 से सांय 04 बजे तक आयोजित किया जाएगा।मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जयपुर प्रथम डॉ. रवि शेखावत ने बताया कि प्रशिक्षण भारतीय खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण (ऋरअक), नई दिल्ली से अधिकृत एजेंसी के प्रतिनिधियों द्वारा दिया जाएगा। प्रशिक्षण में भाग लेने वाले सभी फूड हैंडलर्स को फूड अथॉरिटी की ओर से प्रमाण पत्र भी प्रदान किए जाएंगे।उन्होंने बताया कि इस प्रशिक्षण में जिले के मिठाई विक्रेता, होटल एवं रेस्टोरेंट संचालक, अन्नपूर्णा रसोई के फूड हैंडलर्स, मिड-डे मील कुक, आवासीय विद्यालयों के भोजन बनाने वाले कर्मचारी, राजीविका समूह के सदस्य, डेयरी संचालक, किराना व्यापारी, घी-तेल व्यापारी, फल-सब्जी विक्रेता, चाय-थड़ी संचालक तथा कचौरी-पकौड़ी बनाने वाले स्ट्रीट वेंडर्स सहित सभी खाद्य व्यवसाय से जुड़े लोगों को आमंत्रित किया गया है।डॉ. शेखावत ने बताया कि प्रशिक्षण के दौरान खाद्य व्यापारियों को रीयूज्ड कुकिंग ऑयल (फ्मउड) के उपयोग से होने वाले नुकसान और सुरक्षित खाद्य सामग्री तैयार करने के नियमों के बारे में भी विस्तार से जानकारी दी जाएगी।

---

**जेडीए का जीरो टॉलरेंस अभियान जारी, सड़क सीमाओं व सरकारी रास्तों से हटाए अवैध कब्जे**

# जयपुर विकास प्राधिकरण द्वारा 15 बीघा बेशकीमती सरकारी भूमि अतिक्रमण मुक्त

**भ्रष्टाचार, अतिक्रमण और अनियमितताओं के विरुद्ध जीरो टॉलरेंस नीति के अनुरूप दिया गया कार्रवाई को अंज़ामः- शिल्पा चौधरी**

**विभिन्न जोनों में संयुक्त कार्रवाई, करीब 30 करोड़ रुपये मूल्य की भूमि मुक्त**

चमकता राजस्थान

**जयपुर!(खलील कुरैशी) 16 मार्च।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के भ्रष्टाचार, अतिक्रमण और अनियमितताओं के विरुद्ध जीरो टॉलरेंस नीति के अनुरूप जयपुर विकास प्राधिकरण (जेडीए) द्वा-रा अवैध अतिक्रमणों के खिलाफ विशेष अभियान लगातार जारी है। इसी क्रम में जेडीए ने विभिन्न स्थानों पर कार्रवाई करते हुए अवैध निर्माणों को ध्वस्त कर करीब 15 बीघा बेशकीमती सरकारी भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराया तथा सड़क सीमाओं पर किए गए अतिक्रमण भी हटाए।मुख्य नियंत्रक प्रवर्तन शिल्पा चौधरी ने बताया कि जोन-13 के ग्राम बिलोची (खसरा नं. 934) में लगभग 15 बीघा सरकारी भूमि पर मिट्टी के ढोल, झुग्गी-झोपड़ियां, छप्परपोश, सीमेंट के पिलर गाड़कर तारबंदी, झाड़ियां व कांटों की बाड़ लगाकर अतिक्रमण किया गया था। प्रवर्तन अधिकारी की मौजूदगी में राजस्व





एवं तकनीकी स्टाफ की निशानदेही पर जेसीबी मशीन और मजदूरों की सहायता से अतिक्रमण हटाकर भूमि को मुक्त कराया गया, जिसकी अनुमानित कीमत करीब 30 करोड़ रुपये आंकी गई है।इसी क्षेत्र में खसरा नंबर 944/1830 एवं 945/1831 स्थित गैरमुमकिन सरकारी आम रास्ते की भूमि पर किए गए तारबंदी व सीमेंट पिलरों के अतिक्रमण को भी हटाकर रास्ते को अतिक्रमण मुक्त कराया गया।

- **जेडीए जोन 09**

इसके अतिरिक्त जोन-09 में इंडिया गेट क्षेत्र में सड़क सीमा पर लगाए गए थड़ी, ठेले, बांस-तंबू, तिरपाल, काउंटर, टेबल-कुर्सी, होर्डिंग और साइन बोर्ड को यातायात पुलिस व नगर निगम के साथ संयुक्त अभियान चलाकर हटाया गया।

- **जेडीए जोन 14**

वहीं जोन-14 में टोंक रोड स्थित चौखी ढाणी पुलिया, गोनेर मोड़ तथा वाटिका चौराहा (12 मील तिराहा) के पास सड़क सीमा पर किए गए अस्थायी अतिक्रमणों को भी जेसीबी की सहायता से हटाकर मार्ग को अतिक्रमण मुक्त किया गया।

- **जेडीए जोन 07**

जोन-07 के निवारू रोड हरनाथपुरा गणेश नगर स्थित एस.एस. इंटरनेशनल स्कूल में अवैध निर्माण पाए जाने पर पूर्व में नोटिस जारी किया गया था। निर्माण नहीं हटाने पर सक्षम स्वीकृति प्राप्त कर भवन के प्रवेश द्वारों को ईंटों की दीवार बनाकर पुख्ता रूप से सील किया गया। इसके अतिरिक्त गणेश नगर प्लॉट नंबर 484-ए तथा केसरी चंद चौधरी नगर तिराहा पर सड़क सीमा में किए गए चबूतरा व टीनशेड सहित अन्य अवैध निर्माण भी हटाए गए।उक्त समस्त कार्रवाई मुख्य नियंत्रक प्रवर्तन शिल्पा चौधरी के पर्यवेक्षण में उपनियंत्रक प्रवर्तन, संबंधित प्रवर्तन अधिकारियों तथा जेडीए के राजस्व व तकनीकी स्टाफ और प्रवर्तन दस्ते की टीम द्वारा संपादित की गई।

---

# एक जिला एक उत्पाद बायर-सैलर मीट एवं कार्यशाला आयोजित

**ओडीओपी मेला एवं प्रदर्शनी का विधायक पब्बाराम विश्नोई के मुख्य आतिथ्य में शुभारंभ**

चमकता राजस्थान




अनिल सैन/फलोदी। राज्य सरकार के फ्लैगशिप कार्यक्रम पंचगौरव के अंतर्गत रविवार को टाउन हॉल, नगर परिषद फलौदी में एक जिला एक उत्पाद (ओडीओपी) बायर-सैलर मीट एवं कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ फलौदी विधायक पब्बाराम विश्नोई के मुख्य आतिथ्य में हुआ। इस अवसर पर उद्यमियों को उद्योग एवं वाणिज्य विभाग की विभिन्न योजनाओं एवं नीतियों की विस्तृत जानकारी दी गई।

कार्यक्रम के दौरान ओडीओपी पॉलिसी 2024 के तहत लाभार्थी इकाई को 15 लाख रुपये का मार्जिन मनी अनुदान चैक भी वितरित किया गया। वहीं राजस्थान दिवस कार्यक्रमों के अंतर्गत आयोजित ओडीओपी मेला एवं प्रदर्शनी का उद्घाटन भी विधायक पब्बाराम विश्नोई द्वारा किया गया। प्रदर्शनी में जिले के स्थानीय हस्तशिल्पियों, बुनकरों तथा फलौदी के ओडीओपी उत्पाद सोनामुखी की स्टॉलें आकर्षण का केंद्र रहीं। कार्यक्रम में अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी गौतम चौधरी, एसडीएम पूजा चौधरी, जिला उद्योग एवं वाणिज्य केन्द्र के महाप्रबंधक सुरेश विश्नोई सहित कई अधिकारी उपस्थित रहे।

इस अवसर पर आईसीईएस प्रतिनिधि विकास स्वामी ने ओडीओपी एवं एमएसएमई इकाइयों को डिजिटल मार्केटिंग, ऑनलाइन पंजीकरण और उद्यमिता से जुड़ा प्रशिक्षण दिया, ताकि स्थानीय इकाइयों को डिजिटल माध्यम से बाजार तक पहुंच बनाने में सहायता मिल सके।

कार्यक्रम में फलौदी इंडस्ट्रीज एसोसिएशन अध्यक्ष राजेन्द्र व्यास, सोनामुखी इंडस्ट्रीज एसोसिएशन अध्यक्ष तुलसाराम चौधरी, आईएलडी जयपुर से कृष्णा पारीक तथा सहायक प्रशासनिक अधिकारी मुरलीधर भी मौजूद रहे।

---

## विकास आयुक्त सिद्धार्थ महाजन की अध्यक्षता में महत्वपूर्ण बैठक हुई आयोजित

- **जयपुर में 5 नई लैंड पूलिंग योजनाओं का प्रस्ताव, सुनियोजित विकास को मिलेगी रफ्तार**

चमकता राजस्थान




जयपुर!(खलील कुरैशी) 16 मार्च। जयपुर विकास आयुक्त सिद्धार्थ महाजन की अध्यक्षता में सोमवार को जेडीए के चिंतन सभागार में लैंड पूलिंग योजनाओं को लेकर महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में जयपुर के सुनियोजित एवं संतुलित नगरीय विकास को गति देने के उद्देश्य से पाँच नई लैंड पूलिंग योजनाएँ प्रस्तावित की गईं।बैठक में जोन-14 में महल रोड क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम रामचन्द्रपुरा, विधाणी, रामपुरा उर्फ कंवरपुरा, जयचंदपुरा एवं विमलपुरा (तहसील सांगानेर) में लगभग 350 हैक्टेयर क्षेत्र में दो लैंड पूलिंग योजनाओं का प्रस्ताव रखा गया। इसके अतिरिक्त जोन-8 में सांगानेर, जोन-10 में बस्सी तथा जोन-12 में कालवाड़ क्षेत्र में एक-एक लैंड पूलिंग योजना प्रस्तावित की गई है।उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा द्वारा राज्य बजट में प्रदेशभर में 20 नई लैंड पूलिंग योजनाएँ प्रारंभ करने की घोषणा की जा चुकी है। इन योजनाओं के माध्यम से भविष्य में पार्क, सीवरेज लाइन, ड्रेनेज, जलापूर्ति, विद्युत व्यवस्था, स्ट्रीट लाइट, स्कूल एवं शैक्षणिक संस्थानों के लिए भूमि, कम्युनिटी सेंटर, हेल्थ सेंटर/डिस्पेंसरी तथा धार्मिक स्थलों सहित विभिन्न सार्वजनिक सुविधाओं का समुचित विकास किया जाएगा।लैंड पूलिंग योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन से जयपुर में सुनियोजित शहरी विकास को नई गति मिलेगी और नागरिकों को बेहतर आधारभूत सुविधाएँ उपलब्ध हो सकेंगी।

---

**एसीबी की बड़ी कार्रवाई**

### ब्यावर में सहायक अभियंता 15 हजार की रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार

- **बिलों की एमबी भरने के बदले मांगी थी 21 हजार की रिश्वत, सीडीपीओ पर भी लाखों की मांग का आरोप**



**चमकता राजस्थान/जयपुर! (खलील कुरैशी) 16 मार्च 2026।** भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) की राजसमंद इकाई ने ट्रैप कार्रवाई करते हुए पंचायत समिति रायपुर (जिला ब्यावर) के सहायक अभियंता प्रदीप कुमार को 15,000 रुपये की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। आरोपी के पास महिला एवं बाल विकास विभाग, रायपुर में सहायक अभियंता का अतिरिक्त प्रभार भी था।एसीबी के महानिदेशक पुलिस गोविंद गुप्ता ने बताया कि आरोपी सहायक अभियंता परिवादी के लंबित बिलों की मेजरमेंट बुक (एमबी) भरने के बदले 21,000 रुपये की रिश्वत मांगकर परेशान कर रहा था। शिकायत के सत्यापन के बाद एसीबी ने जाल बिछाकर कार्रवाई की।उप महानिरीक्षक पुलिस डॉ. रामेश्वर सिंह के सुपरविजन तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक हिम्मत चारण के नेतृत्व में एसीबी टीम ने ट्रैप कार्रवाई कर आरोपी को 15,000 रुपये की रिश्वत राशि लेते समय गिरफ्तार कर लिया।जांच में यह भी सामने आया कि सीडीपीओ मनीष मीणा (बदनोर, अतिरिक्त प्रभार रायपुर) ने भी परिवादी के बिल पास करने के लिए 2.30 लाख रुपये की रिश्वत मांगकर 1.80 लाख रुपये लेने पर सहमति जताई थी, लेकिन ट्रैप की भनक लगने से उसके खिलाफ तत्काल कार्रवाई नहीं हो सकी।एसीबी की अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस स्मिता श्रीवास्तव के सुपरविजन में आरोपी से पूछताछ जारी है। प्रकरण में भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत आगे की जांच की जा रही है।

---

**अवैध गैस रिफिलिंग व कालाबाजारी पर प्रशासन की बड़ी कार्रवाई**

# 56 गैस सिलेंडर सहित उपकरण जब्त, कई स्थानों पर छापे

चमकता राजस्थान

**जिला कलक्टर डॉ. जितेंद्र कुमार सोनी के निर्देशन में विशेष प्रवर्तन दल सक्रिय**

जयपुर(खलील कुरैशी) 16 मार्च। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की मंशानुसार जयपुर शहर में एलपीजी गैस सिलेंडरों की पर्याप्त उपलब्धता और निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए जिला प्रशासन द्वारा अवैध रिफिलिंग, भंडारण और कालाबाजारी के विरुद्ध सघन अभियान चलाया जा रहा है।जिला कलक्टर डॉ. जितेंद्र कुमार सोनी के निर्देशन में जिला रसद अधिकारी प्रियव्रत सिंह चारण द्वारा गठित तीन विशेष प्रवर्तन दलों ने कार्रवाई करते हुए कुल 56 घरेलू व व्यवसायिक गैस सिलेंडर, 04 इलेक्ट्रॉनिक मोटर, 04 कांटे तथा 03 रेगुलेटर (रबर पाइप सहित) जब्त किए हैं। संबंधित व्यक्तियों के विरुद्ध पुलिस थानों में एफआईआर दर्ज कराने की कार्रवाई की जा रही है पुलिस सूचना पर ब्रह्मपुरी (आमेर रोड) क्षेत्र में छापेमारी के दौरान घरेलू गैस सिलेंडरों से अवैध रिफिलिंग का खुलासा हुआ, जहां से 20 सिलेंडर, 02 इलेक्ट्रॉनिक मोटर व 02 कांटे जब्त किए गए। वहीं गोपालपुरा बाईपास स्थित श्याम एवं गोयनका जनरल स्टोर पर कार्रवाई में 23 घरेलू सिलेंडर, 02 इलेक्ट्रॉनिक मोटर व 02 कांटे जब्त किए गए।इसके अतिरिक्त विष्णु मिष्ठान भंडार के निरीक्षण में व्यवसायिक गैस सिलेंडरों के दुरुपयोग व कालाबाजारी की पुष्टि होने पर 13 व्यवसायिक सिलेंडर व 03 रेगुलेटर (रबर पाइप सहित) जब्त किए गए।प्रवर्तन दल ने एक गैस एजेंसी का निरीक्षण कर संचालकों को घरेलू गैस सिलेंडरों की निर्बाध आपूर्ति, उपभोक्ता समस्याओं के त्वरित समाधान और एजेंसी परिसर में अनावश्यक कतारें नहीं लगने देने के निर्देश दिए।जिला प्रशासन ने बताया कि ''ऑपरेशन प्रवर्तन झ सतर्क नागरिक, सुरक्षित शहर'' के तहत यह अभियान लगातार जारी रहेगा और अवैध रिफिलिंग व कालाबाजारी में संलिप्त लोगों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाएगी। साथ ही आमजन से संदिग्ध गतिविधियों की सूचना तत्काल देने की अपील की गई है।



भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा राजस्थान के नेतृत्व में विचार संगोष्ठी एवं रोजा इफ्तार कार्यक्रम का हुआ शानदार आयोजन

# भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा राजस्थान के नेतृत्व में विचार संगोष्ठी एवं रोजा इफ्तार कार्यक्रम का हुआ शानदार आयोजन

## रोज़ा इफ्तार कार्यक्रम में निहित हैं आपसी भाईचारा, सौहार्द बरकतें, सामाजिक समरसता और राष्ट्रीय एकता का संदेश:- राव राजेन्द्र सिंह

- **हजारों लोगों ने दी श्रद्धांजलि, एकता-अखंडता और भाईचारे का दिया संदेश**
- **शहीद राजा हसन खान मेवाती ने मातृभूमि की रक्षा के लिए दिया सर्वोच्च बलिदान:- हमीद खान मेवाती**









चमकता राजस्थान

**जयपुर,(खलील कुरैशी) 16 मार्च 2026।** वीरता, त्याग और देशभक्ति के प्रतीक शहीद राजा हसन खान मेवाती के 499वें शहादत दिवस के अवसर पर जयपुर स्थित गोल्ड स्टार पैराडाइज गार्डन में भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा राजस्थान के प्रदेशाध्यक्ष हमीद खान मेवाती के नेतृत्व में भव्य ''विचार संगोष्ठी'' का आयोजन किया गया। संगोष्ठी के पश्चात ''रोजा इफ्तार'' कार्यक्रम आयोजित हुआ,जिसमें अल्पसंख्यक समाज के प्रबुद्धजनों, जनप्रतिनिधियों और हजारों कार्यकर्ताओं ने भाग लेकर शहीद हसन खान मेवाती को भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की।

### ● शहीद राजा हसन खान मेवाती ने मातृभूमि की रक्षा के लिए दिया सर्वोच्च बलिदान:- हमीद खान मेवाती

विचार संगोष्ठी को संबोधित करते हुए हमीद खान मेवाती ने कहा कि शहीद राजा हसन खान मेवाती ने मातृभूमि की रक्षा के लिए अपना सर्वोच्च बलिदान दिया था। उनका जीवन अदम्य साहस, देशभक्ति और त्याग का अनुपम उदाहरण है। उन्होंने कहा कि आज की पीढ़ी को उनके आदर्शों से प्रेरणा लेकर देश की एकता, अखंडता और सामाजिक सद्भाव को सुदृढ़ करने का संकल्प लेना चाहिए।सामूहिक पुष्पांजलि और रोजा इफ्तार में उमड़ा जनसमूह कार्यक्रम के दौरान उपस्थित अतिथियों और जनसमूह ने सामूहिक रूप से शहीद हसन खान मेवाती को पुष्पांजलि अर्पित कर उनके बलिदान को नमन किया।

### ● रोज़ा इफ्तार कार्यक्रम आपसी भाईचारे और सौहार्द, सामाजिक समरसता, बरकतों रहमतों का प्रतिक होता है:- राव राजेन्द्र सिंह

जयपुर ग्रामीण सांसद राव राजेन्द्र सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि निश्चित रूप से रोज़ा इफ्तार कार्यक्रम आपसी भाईचारे और सौहार्द, सामाजिक समरसता, बरकतों रहमतों का प्रतिक होता है गौरतलब है कि रोजा इफ्तार कार्यक्रम में बड़ी संख्या में भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के कार्यकर्ताओं सहित रोजेदार, अकीदतमंदों और स्थानीय लोगों ने बड़ी संख्या में भाग लेकर आपसी भाईचारे, सौहार्द और राष्ट्रीय एकता का संदेश दिया।आपको बता दें कि जयपुर ग्रामीण सांसद राव राजेन्द्र सिंह ने अपने संबोधन में आगे कहा कि शहीद हसन खान मेवाती का इतिहास केवल मेवात क्षेत्र ही नहीं बल्कि पूरे देश के लिए गौरव का विषय है। उनके शौर्य और बलिदान की गाथा आने वाली पीढ़ियों को देशप्रेम, राष्ट्रभक्ति और समाज सेवा के लिए सदैव प्रेरित करती रहेगी।

### ● ये रहे प्रमुख अतिथि

इस अवसर पर भाजपा प्रदेश महामंत्री श्रवण बागड़ी, भूपेंद्र सैनी, जयपुर ग्रामीण सांसद राव राजेंद्र सिंह, पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष सरदार अजयपाल सिंह, पूर्व अध्यक्ष बीसूत्री कार्यक्रम राजस्थान सरकार चंद्रराज सिंघवी, प्रदेश मंत्री नारायण मीणा, एकता अग्रवाल, अपूर्वा सिंह, प्रदेश प्रवक्ता स्टेपी चौहान, अल्पसंख्यक मोर्चा राष्ट्रीय उपाध्यक्ष हुसैन खान, अल्पसंख्यक मोर्चा पूर्व प्रदेशाध्यक्ष फिरोज खान, एम. सादिक खान एडवोकेट जंग बहादुर सहित अल्पसंख्यक समाज के हजारों लोग उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### अकऔर डीपफेक का बढ़ता खतरा: आवाज और वीडियो की नकल कर ठग रहे साइबर अपराधी

- **राजस्थान पुलिस की एडवाइजरी- सावधान रहें, जल्दबाजी में पैसा ट्रांसफर करने से पहले जरूर करें पुष्टि**

**चमकता राजस्थान/जयपुर!(खलील कुरैशी)16 मार्च।** साइबर अपराधियों ने अब ठगी के लिए नई तकनीक का सहारा लेना शुरू कर दिया हैआर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (अक) और डीपफेक तकनीक के माध्यम से अपराधी परिचितों की आवाज और वीडियो की नकल कर लोगों को कॉल कर रहे हैं और आपात स्थिति का बहाना बनाकर पैसे ट्रांसफर करवाने की कोशिश कर रहे हैं। इस तरह के मामलों में आमजन भावनात्मक दबाव में आकर ठगी का शिकार हो रहे हैं।इसको लेकर राजस्थान पुलिस की साइबर क्राइम शाखा ने आमजन के लिए विशेष एडवाइजरी जारी कर सतर्क रहने की अपील की है।

**● क्या है अकऔर डीपफेक तकनीक**

उपमहानिरीक्षक पुलिस शांतनु कुमार सिंह ने बताया कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (अक) ऐसी आधुनिक तकनीक है, जो कंप्यूटर को इंसानों की तरह सोचने, बोलने और काम करने में सक्षम बनाती है। इसी तकनीक की मदद से साइबर अपराधी डीपफेक ऑडियो और वीडियो तैयार करते हैं। ये नकली ऑडियो या वीडियो कॉल बिल्कुल किसी परिचित व्यक्ति की आवाज या चेहरे जैसी लगती है, जिससे सामने वाला व्यक्ति आसानी से भ्रमित हो सकता है। इसके अलावा ठगी और ब्लैकमेलिंग के लिए नकली फोटो और वीडियो क्लिप का भी इस्तेमाल किया जा रहा है।

**● ऐसे पहचानें साइबर ठगी के संकेत**

साइबर अपराधियों द्वारा की जाने वाली ठगी में कुछ सामान्य संकेत दिखाई देते हैं। यदि कोई व्यक्ति फोन या मैसेज के माध्यम से ''अभी पैसे भेजो'' या ''तुरंत ट्रांसफर करो'' जैसे संदेश देता है तो सतर्क हो जाएं। कई बार अपराधी डर, घबराहट या गोपनीयता का हवाला देकर जल्दबाजी में निर्णय लेने के लिए दबाव बनाते हैं। इसके साथ ही ओटीपी, पासवर्ड या बैंक संबंधी जानकारी मांगना भी साइबर ठगी का स्पष्ट संकेत हो सकता है। अक्सर ठग पीड़ित को किसी अन्य व्यक्ति से पुष्टि करने से भी रोकने की कोशिश करते हैं।

**● खुद को ऐसे रखें सुरक्षित**

राजस्थान पुलिस ने आमजन से अपील की है कि किसी भी संदिग्ध कॉल, संदेश या वीडियो पर तुरंत विश्वास न करें। यदि कोई परिचित व्यक्ति पैसे मांगता है तो पहले उसके पहले से ज्ञात मोबाइल नंबर पर सामान्य कॉल करके जानकारी की पुष्टि जरूर करें। ओटीपी, पासवर्ड या बैंक से जुड़ी संवेदनशील जानकारी कभी भी किसी के साथ साझा न करें। सोशल मीडिया पर अपनी व्यक्तिगत जानकारी, वॉइस नोट या वीडियो अनावश्यक रूप से सार्वजनिक करने से भी बचें।

**● ठगी होने पर तुरंत करें शिकायत**

यदि कोई व्यक्ति इस प्रकार की साइबर ठगी का शिकार होता है तो तुरंत नजदीकी पुलिस थाना या साइबर पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज करवाएं। इसके अलावा राष्ट्रीय साइबर क्राइम रिपोर्टिंग पोर्टल https://cybercrime.gov.in पर ऑनलाइन शिकायत दर्ज की जा सकती है। सहायता के लिए साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 या साइबर हेल्पडेस्क नंबर 9256001930 और 9257510100 पर भी संपर्क किया जा सकता है।राजस्थान पुलिस ने आमजन से अपील की है कि तकनीक के इस दौर में सतर्कता ही सबसे बड़ा बचाव है। किसी भी संदिग्ध कॉल या संदेश पर बिना जांच-पड़ताल के विश्वास न करें और साइबर अपराधों के प्रति जागरूक रहकर खुद को और अपने परिवार को सुरक्षित रखें।

# हाजी उस्मान कुरैशी द्वारा आयोजित भव्य रोज़ा इफ्तार कार्यक्रम

- **आज़ाद नगर सामुदायिक केंद्र में रोज़ेदारों और गणमान्य नागरिकों की रही गरिमामयी उपस्थिति**
- **रमज़ान रहमतों, बरकतों और इबादत का पाक महीना, जो समाज में भाईचारे और सामाजिक समरसता का संदेश देता है:- विधायक रफीक खान**



चमकता राजस्थान

जयपुर (खलील कुरैशी)। पवित्र रमज़ान उल मुबारक के मुकद्दस महीने में इबादत, सब्र, रहमत और इंसानियत की रौशनी पूरे समाज को एकता और भाईचारे के सूत्र में पिरोती है। इसी पावन अवसर पर हाजी उस्मान कुरैशी के सौजन्य से सामुदायिक केंद्र, आज़ाद नगर में एक भव्य और गरिमामयी रोज़ा इफ्तार कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में रोज़ेदारों, स्थानीय गणमान्य नागरिकों, समाजसेवियों और क्षेत्रवासियों ने शामिल होकर सामूहिक रूप से रोज़ा इफ्तार किया।

### ● विधायक रफीक खान ने रखें अपने विचार

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में आदर्श नगर विधायक रफीक खान उपस्थित रहे। उन्होंने रोज़ेदारों को रमज़ान की मुबारकबाद देते हुए कहा कि रमज़ान उल मुबारक का महीना रहमतों, बरकतों और मग़फिरत का महीना है, जो इंसान को सब्र, परहेज़गारी, त्याग और मानव सेवा का संदेश देता है। उन्होंने कहा कि रोज़ा केवल भूखे-प्यासे रहने का नाम नहीं है, बल्कि यह आत्मसंयम, आध्यात्मिक उन्नति और समाज में आपसी प्रेम, सद्भाव तथा भाईचारे को मजबूत करने का माध्यम है।विधायक रफीक खान ने कहा कि रमज़ान का पाक महीना हमें यह सिखाता है कि समाज के कमजोर और जरूरतमंद लोगों की मदद करना हर इंसान की जिम्मेदारी है। इस महीने में किए गए नेक अमल और इबादतों का सवाब कई गुना बढ़ जाता है, इसलिए हमें इस अवसर का अधिक से अधिक लाभ उठाते हुए समाज में इंसानियत और मोहब्बत का पैगाम फैलाना चाहिए।

### ● मुल्क में अमन-चैन, खुशहाली और तरक्की की करी गयी दुआएं

इफ्तार से पूर्व उपस्थित रोज़ेदारों ने मुल्क में अमन-चैन, खुशहाली और तरक्की के लिए दुआएं कीं। अज़ान के साथ ही खजूर और पारंपरिक व्यंजनों के साथ रोज़ा खोला गया। पूरे कार्यक्रम के दौरान माहौल पूरी तरह धार्मिक, आध्यात्मिक और भाईचारे की भावना से ओत-प्रोत रहा। इस अवसर पर क्षेत्र के अनेक समाजसेवी, जनप्रतिनिधि, धर्मगुरु, स्थानीय गणमान्य नागरिक तथा बड़ी संख्या में रोज़ेदार मौजूद रहे। सभी ने एक साथ बैठकर इफ्तार किया और आपसी सौहार्द्र, एकता और सामाजिक समरसता का संदेश दिया।

### ● हाजी उस्मान कुरैशी ने सभी अतिथियों और रोज़ेदारों का आभार व्यक्त

कार्यक्रम के अंत में मेजबान हाजी उस्मान कुरैशी ने सभी अतिथियों और रोज़ेदारों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन समाज में मोहब्बत, भाईचारे और एकता की भावना को मजबूत करते हैं। उन्होंने सभी को रमज़ान मुबारक की शुभकामनाएं देते हुए दुआ की कि अल्लाह तआला सभी की इबादतों को कबूल फरमाए और देश में अमन-ओ-सुकून कायम रखे।

## रेंज आईजी राहुल प्रकाश के निर्देशन में जयपुर में नशे के खिलाफ 'एंटी-वेनम' का वार

- **पहले ही दिन 15 मुकदमे दर्ज, 15 आरोपी गिरफ्तार; स्मैक, गांजा और डोडा पोस्त की बड़ी खेप जब्त**

**चमकता राजस्थान/जयपुर!(खलील कुरैशी) 16 मार्च।** प्रदेश में मादक पदार्थों की तस्करी और नशे के बढ़ते प्रचलन पर अंकुश लगाने के उद्देश्य से जयपुर रेंज पुलिस ने विशेष अभियान ''एंटी-वेनम'' शुरू किया है। इस अभियान के तहत पुलिस ने पहले ही दिन प्रभावी कार्रवाई करते हुए तस्करों के नेटवर्क पर बड़ा प्रहार किया है।महानिरीक्षक पुलिस, जयपुर रेंज राहुल प्रकाश के निर्देशन में यह विशेष अभियान 15 मार्च से 31 मार्च 2026 तक रेंज के सभी जिलों में संचालित किया जा रहा है। अभियान की मॉनिटरिंग सीधे जयपुर रेंज कार्यालय स्तर से की जा रही है, जिससे कार्रवाई में निरंतरता और प्रभावशीलता बनी रहे।



**● नशे के कारोबार पर सख्त कार्रवाई के निर्देश**

आईजी राहुल प्रकाश ने रेंज के सभी जिलों के पुलिस अधीक्षकों को निर्देश दिए हैं कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में विशेष टीमें गठित कर मादक पदार्थों की तस्करी, खरीद-फरोख्त, सेवन और अवैध खेती करने वाले असामाजिक तत्वों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि नशे के खिलाफ यह अभियान केवल तस्करों तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि पूरे नेटवर्क को चिन्हित कर कानून के दायरे में लाया जाएगा।

**● पहले ही दिन बड़ी सफलता**

अभियान के पहले दिन ही जयपुर रेंज पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए एनडीपीएस एक्ट के तहत 15 मुकदमे दर्ज कर 15 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने कार्रवाई के दौरान भारी मात्रा में मादक पदार्थ भी बरामद किए हैं।जप्त मादक पदार्थों में 547.67 ग्राम स्मैक 1884.84 ग्राम गांजा 1551 ग्राम डोडा पोस्त शामिल है। इन बरामदगियों के साथ पुलिस ने नशे के कारोबार में संलिप्त तस्करों के नेटवर्क को भी खंगालना शुरू कर दिया है।अभियान जारी रहेगा जयपुर रेंज पुलिस के अनुसार ''एंटी-वेनम'' अभियान के तहत मादक पदार्थों की तस्करी, खरीद-फरोख्त, सेवन और अवैध खेती करने वालों के खिलाफ लगातार सख्त कार्रवाई जारी रहेगी। पुलिस का उद्देश्य युवाओं को नशे के दुष्प्रभाव से बचाना और समाज को नशामुक्त बनाने की दिशा में ठोस कदम उठाना है

किशनपोल विधायक अमीन कागज़ी ने रोज़ेदारों के साथ किया इफ्तार, मुल्क में अमन-चैन, खुशहाली और तरक्की की मांगी दुआएं

# निवर्तमान पार्षद मोहम्मद फरीद कुरैशी द्वारा आयोजित रोज़ा इफ्तार कार्यक्रम में झलकी सामाजिक सौहार्द की मिसाल

चमकता राजस्थान

**जयपुर (खलील कुरैशी)।** पवित्र रमज़ान माह की रहमतों और बरकतों के बीच चाँदपोल क्षेत्र स्थित हरसौली हाउस, कल्याण जी का रास्ता में निवर्तमान पार्षद मोहम्मद फरीद कुरैशी (वार्ड 69) के तत्वावधान में भव्य रोज़ा इफ्तार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर क्षेत्र के गणमान्य नागरिकों, समाजसेवियों, युवाओं और बड़ी संख्या में रोज़ेदारों की गरिमामयी उपस्थिति ने कार्यक्रम को सौहार्द, भाईचारे और सामाजिक समरसता का प्रतीक बना दिया।





### ● रमज़ान मानवता, सब्र- तकवा और आपसी प्यार प्रेम, भाईचारे का पैगाम देता है:- अमीन कागज़ी

कार्यक्रम में किशनपोल विधानसभा क्षेत्र के लोकप्रिय विधायक अमीन कागज़ी मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। उन्होंने रोज़ेदारों के साथ सामूहिक रूप से रोज़ा इफ्तार किया और रमज़ान की पवित्रता व महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि रमज़ान का महीना इंसानियत, सब्र, इबादत, रहमत और आपसी मोहब्बत का संदेश देता है। यह महीना समाज में एकता, सहयोग और भाईचारे की भावना को मजबूत करता है।

### ● बड़ी संख्या में रोजेदारों और स्थानीय नागरिकों की रही उपस्थिति

कार्यक्रम में क्षेत्र के गणमान्य व्यक्तियों, समाजसेवियों, स्थानीय जनप्रतिनिधियों और युवाओं ने भाग लेकर रोज़ेदारों के साथ इफ्तार किया तथा रमज़ान की मुबारकबाद दी। पूरे आयोजन के दौरान आपसी भाईचारे, प्रेम और एकता का वातावरण देखने को मिला।इफ्तार के पश्चात उपस्थित लोगों ने देश-प्रदेश की खुशहाली, तरक्की और समाज में आपसी सौहार्द बनाए रखने की दुआ करते हुए रमज़ान की पवित्र भावना को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया।

### ● मुल्क की तरक्की और अमन-चैन के लिए मांगी दुआएं

इफ्तार से पूर्व सभी रोज़ेदारों ने मिलकर देश में अमन-चैन, खुशहाली, तरक्की और सामाजिक सौहार्द कायम रहने के लिए अल्लाह तआला से दुआ मांगी। विधायक अमीन कागज़ी ने उपस्थित सभी लोगों को रमज़ान मुबारक की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि ऐसे धार्मिक और सामाजिक आयोजन समाज में आपसी प्रेम, सद्भाव और एकता को मजबूत करते हैं।

### ● सामाजिक समरसता का सशक्त संदेश

इस अवसर पर आयोजक मोहम्मद फरीद कुरैशी ने सभी अतिथियों और रोज़ेदारों का स्वागत करते हुए कहा कि रमज़ान का पवित्र महीना रहमतों, बरकतों, इबादत और सेवा का महीना है। इफ्तार जैसे सामूहिक कार्यक्रम समाज में आपसी मेल-मिलाप, सौहार्द और भाईचारे को बढ़ावा देते हैं तथा लोगों को एक-दूसरे के करीब लाने का कार्य करते हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### वार्षिक मेला की पूर्व तैयारी बैठक आयोजित

**चमकता राजस्थान/नाडोल (पाली )।** 25 मार्च को होने वाले राठौड़ कुलवंश कुलदेवी नागणेची माता के भव्य मेला आयोजन हेतु राठौड़ कुलवंश कुलदेवी नागणेची माता मंदिर नाडोल के अध्यक्ष प्रवीण खीमराज जोशी नाडोल ने बताया कि बैठक में वार्षिक मेले को सफल बनाने, मेले में सुरक्षा व्यवस्था, विभिन्न मठों के संतो के स्वागत, रात्रि जागरण कार्यक्रम स्थल , मेले में पधारने वाले अतिथियों के स्वागत सहित विभिन्न रूपरेखा तैयार कर सभी कार्यकर्ताओं को मेले को सफल बनाने के लिए जिमेदारी दी गई। मेले में राजस्थान सुपर स्टार फनकार गायिका बहिन त्रिशा सुथार उदयपुर, विनोद गोमती, दिनेश माधव, प्रवीण सेजू , करणजी चौहान, सुपर स्टार अभिनेत्री, नुतन गेहलोत, ममता भारती, आरती चौधरी, खुशबू बंजारा, लक्ष्मी भाटी, झांकी कलाकार राहुल राजस्थानी, मंच संचालक गोरधन भटनागर खारडा द्वारा कार्यक्रम की प्रस्तुतियां दी जायेगी। बैठक में मंदिर ट्रस्ट संस्थापक एवं विधि सलाहकार एडवोकेट मानाराम राठौड़, कोषाध्यक्ष चम्मनाराम राठौड़, सहकोषाध्यक्ष अध्यापक सोहनजी विंगरला, नरेश राठौड़, सचिव सुरेश सीरवी , पूर्व अध्यक्ष महेंद्रसिंह राठौड़, महेंद्र सीरवी , कार्यकर्ता समनदरसिंह राठौड़ , शयामसिंह राठौड़ मदनसिंह गुड़ा अजबा, केवाराम देवासी ,वजाराम देवासी (ऑनर मां अन्नपूर्णा होटल नाडोल), भूपेंद्र श्रीमाली, उपाध्यक्ष हरीश राठौड़, भानाराम बाग्रेस्चा , अशोक भटनागर, महेंद्र भटनागर, कमलेश नारलाई, धनाराम गुड़ा पृथ्वीराज तुलसाराम राठौड़, मनीष राठौड़, विनोद राठौड़, फुआराम राठौड़, शिवा शेषाराम राठौड़ , उमेद राठौड़, चमपालाल बागरेचा सहित काफी कार्यकर्ता उपस्थित थे।




### परशुराम बगेची मन्दिरः वार्षिक मेले में परंपरागत गेर नृत्य

● परशुराम बगेची मंदिर में आए श्रद्धालु।



**चमकता राजस्थान/सादड़ी।** रुबाबा परशुराम महादेव की प्राचीन तपोस्थली पर स्थित परशुराम बगेची मंदिर में रविवार शाम वार्षिक मेला प्रऔर परंपरागत गेरनृत्य का आयोजन किया गया। मेला मंदिर संचालक पुजारी महेंद्र रावल परिवार और प्रश्रावण मास सोमवार सेवा समिति बगेची झुंपा के सान्निध्य में संपन्न हुआ। मंदिर पुजारी मनीष रावल ने बताया कि सुबह भगवान परशुराम के प्राचीन शिवलिंग का अभिषेक पूजा-अर्चना के बाद मंदिर श्रद्धालुओं के लिए खोला गया। मेला क्षेत्र में सड़क किनारे सुकड़ी नदी तक अस्थायी स्टॉल, झूले और विभिन्न सामग्री, शीतलपेय, चाट व जलपान की दुकानें लगीं। बच्चे और महिलाएं यहां सौंदर्य सामग्री और खिलौनों की खरीदारी करते नजर आए। सनातन धर्म की परंपरागत गेर नृत्य में नवयुवाओं से लेकर बुजुर्गो तक ने रंग-बिरंगी वेशभूषा में पैरों में घुंघरू बांधकर ढोल-ताशे की ताल पर झूमते हुए उत्सव में भाग लिया। ग्रामीणों ने पुष्पहार पहनाकर उत्साहवर्धन किया। मेले में राजपुरा, माण्डीगढ़, अलसीपुरा, जाटों की डोरण, पालिका क्षेत्र और आसपास के ग्रामीणों ने श्रद्धा भाव से दर्शन किए और चढ़ावा अर्पित किया। मेला देर शाम 7 बजे महाआरती के साथ हर्षोल्लासपूर्वक संपन्न हुआ।

### राष्ट्रीय स्तर पर सम्मानित हुआ सूरतगढ़ शहर थाना, श्रीगंगानगर पुलिस का बढ़ा मान

**चमकता राजस्थान/श्रीगंगानगर (संजय बिश्नोई)।** जिले के लिए गर्व का विषय है कि सूरतगढ़ शहर पुलिस थाना को देश के सर्वश्रेष्ठ पुलिस थानों में शामिल करते हुए प्रतिष्ठित महाराणा मेवाड़ फाउंडेशन अवार्ड 2025 से सम्मानित किया गया है। उत्कृष्ट पुलिसिंग, अपराध नियंत्रण और जनसहभागिता के क्षेत्र में किए गए सराहनीय कार्यों के आधार पर यह सम्मान प्रदान किया गया। जिला पुलिस अधीक्षक डॉ. अमृता दुहान ने जानकारी देते हुए बताया कि वर्ष 2025 के दौरान सूरतगढ़ शहर थाने द्वारा कानून व्यवस्था बनाए रखने, अपराधों पर प्रभावी नियंत्रण, आमजन के साथ बेहतर समन्वय तथा आधुनिक पुलिसिंग के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य किए गए। इन उपलब्धियों के आधार पर राजस्थान पुलिस मुख्यालय की अनुशंसा पर थाने का चयन देश के सर्वश्रेष्ठ पुलिस थानों में किया गया। यह सम्मान उदयपुर में आयोजित 42वें वार्षिक महाराणा मेवाड़ फाउंडेशन अवार्ड समारोह 2025 के दौरान प्रदान किया गया। समारोह में सूरतगढ़ शहर थाना प्रभारी सुखपाल सिंह को ''महाराणा मेवाड़ फाउंडेशन अवार्ड 2025'' देकर सम्मानित किया गया। इस उपलब्धि से न केवल श्रीगंगानगर जिले का नाम राष्ट्रीय स्तर पर रोशन हुआ है, बल्कि जिले के पुलिस अधिकारियों और जवानों में भी नया उत्साह और गर्व का माहौल है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि यह सम्मान भविष्य में और बेहतर पुलिसिंग तथा जनता की सेवा के लिए प्रेरणा का कार्य करेगा।

### भारतीय किसान संघ का स्थापना दिवस गायत्री मंदिर प्रांगण में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया

● अनिश्चितकालीन आंदोलन की चेतावनी

**चमकता राजस्थान/डग-16फरवरी(कुन्दन व्यास)।** भारतीय किसान संघ स्थापना दिवस कार्यक्रम में जिला जल संरक्षण प्रमुख पिरूसिंह जी मोयाखेड़ा का मार्गदर्शन प्राप्त हुआ।बैठक में आगामी आंदोलन की रूपरेखा तैयार की गई जिसमें आगामी दिनों में किसान संघ डग तहसील पर अनिश्चितकालीन आंदोलन करेगा जिसमें बाकी रहे खरीफ 2025 खराबे की मुआवजा राशि ओर बीमा राशि,डग मंडी में चल रही अनियमितताओं को मुद्दों को उठाया जाएगा। किसानों की चार महीने की मेहनत पर पानी फेरने वाली इस व्यवस्था के खिलाफ आवाज उठाई जाएगी।बिना लाइसेंस दुकानदारों के प्रति मंडी सचिव की मेहरबानी और कार्रवाई न करने के मुद्दे को भी उठाया जाएगा।डग मंडी के अंदर व्यापारियों द्वारा भाव कम लगाने और अनाज बाहर बेचने पर ज्यादा भाव लगाने की समस्या बहुत बड़ी समस्या है जिसमें व्यापारीयो को पाबंद करने की बात रखी।साथ ही पीएम किसान निधि से वंचित रहे किसानों की समस्याओं के समाधान हेतु पीएम किसान निधि की साइट चालू की जावे। समय रहते समाधान नहीं हुआ तो हजारों की संख्या मे किसान एकत्रित होकर अनिश्चितकालीनआंदोलन करेंगे जिसकी जिम्मेदारी स्थानीय शासन प्रशासन की होगी।आज की बैठक राधेश्याम जी विश्वकर्मा की अध्यक्षता में संपन्न हुई।इस आंदोलन को लेकर भारतीय किसान संघ गांव-गांव से किसानों को जोड़ेगा और अनिश्चितकालीन आंदोलन डग तहसील पर रहेगा।बैठक में गोविंद सिंह मंदिरपुर, भारत सिंह देवगढ़,शंभू सिंह जगदीशपुरा, रामलाल गणेशपुरा,राघुसिंह डोडी,और अन्य तहसील कार्यकारिणी ओर किसान मौजूद रहे।

# रायसिंहनगर में नशे का कहरः पुलिस चौकी से कुछ कदम दूर युवक की ओवरडोज से मौत, चिट्टे ने छीना मां का लाल

चमकता राजस्थान



**रायसिंहनगर (संजय बिश्नोई)।** शहर में नशे का जहर अब खुलेआम युवाओं की जिंदगी लील रहा है। सोमवार को रायसिंहनगर के नेहरू पार्क में एक युवक की कथित तौर पर चिट्टे और मेडिकल नशे की ओवरडोज से मौत हो गई। चौंकाने वाली बात यह है कि यह घटना रायसिंहनगर पुलिस चौकी से महज कुछ कदम की दूरी पर हुई, जिससे कानून व्यवस्था पर बड़े सवाल खड़े हो गए हैं। जानकारी के अनुसार मृतक युवक पास के गांव कीकरवाली का निवासी बताया जा रहा है। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक युवक नेहरू पार्क में बैठकर मेडिकल नशा और चिट्टा ले रहा था। इसी दौरान उसकी अचानक तबीयत बिगड़ गई और देखते ही देखते उसकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद इलाके में हड़कंप मच गया और बड़ी संख्या में लोग मौके पर जमा हो गए। स्थानीय लोगों का कहना है कि नेहरू पार्क और आसपास के क्षेत्र में लंबे समय से चिट्टा और मेडिकल नशा खुलेआम बिक रहा है, लेकिन जिम्मेदार आंखें मूंदे बैठे हैं। लोगों का आरोप है कि जब पुलिस चौकी के इतने पास नशे का कारोबार फल-फूल रहा है तो शहर के बाकी इलाकों का हाल क्या होगा। लोगों का कहना है कि अगर समय रहते सख्त कार्रवाई होती तो शायद आज एक मां की गोद सूनी नहीं होती। सूत्रों के अनुसार रायसिंहनगर में नशे की चपेट में आकर अब तक 100 से ज्यादा युवा अपनी जान गंवा चुके हैं, लेकिन इसके बावजूद नशे के सौदागर बे-खौफ घूम रहे हैं।

घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। फिलहाल पुलिस मामले की जांच में जुटी है। अब बड़ा सवाल यह है कि आखिर कब तक नशे के कारण युवाओं की चिताएं जलती रहेंगी और जिम्मेदार तंत्र कब जागेगा?

## युवाओं और किसानो ने संसद के सामने किया विरोध प्रदर्शन

# भारत-अमेरिका ट्रेड डील किसान विरोधी : राकेश ठोलिया

चमकता राजस्थान




**रायसिंहनगर (संजय बिश्नोई)।** भारत और अमेरिका के बीच प्रस्तावित ट्रेड डील को किसान विरोधी बताते हुए आज दिल्ली में इंडिया यूथ कांग्रेस (IYC) द्वारा संसद के निकट विरोध प्रदर्शन आयोजित किया गया। इस विरोध प्रदर्शन में देशभर से कांग्रेस कार्यकर्ताओं और युवा नेताओं ने भाग लिया। इस प्रदर्शन में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी रायसिंहनगर के अध्यक्ष राकेश ठोलिया भी शामिल हुए और किसानों के हितों की रक्षा के लिए अपनी आवाज बुलंद की। राकेश ठोलिया ने कहा कि भारत-अमेरिका के बीच होने वाली ट्रेड डील से देश के किसानों के हितों पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता है। उन्होंने कहा कि यदि इस प्रकार के समझौते बिना किसानों की सुरक्षा और उनके आर्थिक हितों को ध्यान में रखकर किए जाते हैं तो इससे कृषि क्षेत्र और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को भारी नुकसान हो सकता है। ठोलिया ने केंद्र सरकार से मांग की कि किसी भी अंतरराष्ट्रीय व्यापार समझौते से पहले देश के किसानों, मजदूरों और छोटे व्यापारियों के हितों को सर्वोपरि रखा जाए।

ब्लॉक अध्यक्ष ठोलिया ने कहा कि देश का किसान पहले ही बढ़ती लागत, महंगाई और प्राकृतिक आपदाओं जैसी समस्याओं से जूझ रहा है। ऐसे में विदेशी कृषि उत्पादों को बढ़ावा देने वाली नीतियां भारतीय किसानों के लिए नई चुनौती खड़ी कर सकती हैं। कांग्रेस पार्टी और यूथ कांग्रेस हमेशा किसानों के अधिकारों और उनकी आजीविका की रक्षा के लिए संघर्ष करती रही है और आगे भी करती रहेगी। राकेश ठोलिया ने कहा कि किसान देश की अर्थव्यवस्था की रीढ़ है और उनके हितों की अनदेखी किसी भी स्थिति में स्वीकार नहीं की जा सकती। इसी उद्देश्य से दिल्ली में आयोजित इस विरोध प्रदर्शन में शामिल होकर उन्होंने किसानों की आवाज सरकार तक पहुंचाने का प्रयास और एकजुट होकर किसान विरोधी नीतियों के खिलाफ अपना विरोध दर्ज कराया।

### ''कान में तेल डालकर बैठा खनिज विभाग, नियमों की धज्जियां उड़ाते स्टोन क्रेशर किसानों की फसलें तबाह, मकान हो रहे जर्जर''

**चमकता राजस्थान/धरम सिंह ठाकुर, डिंडोरी।** डिंडोरी जिले में स्टोन क्रेशरों के संचालन को लेकर गंभीर लापरवाही सामने आ रही है। जिले के कई इलाकों में क्रेशर संचालक नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल (NGT) की गाइडलाइन को ताक पर रखकर नियमों के विरुद्ध क्रेशर चला रहे हैं, लेकिन जिम्मेदार खनिज विभाग मानो कान में तेल डालकर बैठा है। विभाग की इस चुप्पी से क्रेशर संचालकों के हौसले बुलंद होते नजर आ रहे हैं। ताजा मामला डिंडोरी जिले की ग्राम पंचायत दुहनिया का सामने आया है, जहां एक सड़क निर्माण कंपनी द्वारा स्थापित स्टोन क्रेशर नियमों की अनदेखी करते हुए संचालित किया जा रहा है। ग्रामीणों का आरोप है कि क्रेशर से निकलने वाली धूल और प्रदूषण के कारण आसपास के खेतों में खड़ी किसानों की फसलें बर्बाद हो रही हैं। ग्रामीणों का कहना है कि क्रेशर संचालन के दौरान की जा रही अवैध ब्लास्टिंग से आसपास के मकानों पर भी असर पड़ रहा है और कई घरों में दरारें पड़ने लगी हैं। इससे लोगों में डर और नाराजगी दोनों बढ़ती जा रही है। ग्रामीणों ने बताया कि इस मामले को लेकर कई बार संबंधित अधिकारियों और खनिज विभाग को शिकायत दी गई, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। इससे ग्रामीणों में प्रशासन के प्रति नाराजगी बढ़ रही है।

ग्रामीणों का कहना है कि यदि समय रहते क्रेशर संचालन को नियमों के दायरे में नहीं लाया गया तो किसानों की आजीविका पर गंभीर संकट खड़ा हो सकता है। वहीं खनिज विभाग की निष्क्रियता पर भी सवाल उठने लगे हैं कि आखिर शिकायतों के बावजूद विभाग कार्रवाई करने से क्यों बच रहा है।ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि एनजीटी के नियमों के अनुसार क्रेशर संचालन सुनिश्चित कराया जाए और अवैध रूप से चल रहे क्रेशरों पर तत्काल कार्रवाई की जाए, ताकि किसानों की फसल और ग्रामीणों के मकानों को हो रहे नुकसान को रोका जा सके।

### सारंगवास खेतलाजी मेला 19-20 मार्च को, पहले दिन शाम को सजेगा भव्य हॉर्स शो

**चमकता राजस्थान/देसूरी।** देसूरी क्षेत्र के प्रमुख आस्था केंद्र सोनाणा खेतलाजी सारंगवास धाम में 19 और 20 मार्च को दो दिवसीय लक्खी मेले का आयोजन होगा। मेले के पहले दिन 19 मार्च की शाम को आकर्षक हॉर्स शो विशेष आकर्षण रहेगा, जिसमें सजे-धजे घोड़े और पारंपरिक प्रदर्शन श्रद्धालुओं का मन मोहेंगे। इस धार्मिक आयोजन में करीब डेढ़ लाख श्रद्धालुओं के पहुंचने की संभावना है, जिनके लिए दो दिनों तक निःशुल्क भोजन प्रसादी की व्यवस्था की गई है।

ट्रस्ट कमेटी अध्यक्ष भगाराम चौधरी ने बताया कि सोनाणा खेतलाजी सारंगवास का यह मेला देसूरी क्षेत्र का सबसे बड़ा धार्मिक आयोजन माना जाता है। पाली, जालोर, सिरोही सहित मारवाड़ और मेवाड़ अंचल से बड़ी संख्या में श्रद्धालु यहां पहुंचते हैं। श्रद्धालुओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए धाम परिसर में कई विकास कार्य भी कराए गए हैं। भोजनशाला के ऊपर 22 नए कमरे और दो विशाल हॉल बनाए गए हैं, जिससे भक्तों के ठहरने की बेहतर व्यवस्था हो सके। ट्रस्ट सचिव महेशसिंह चारण के अनुसार मेले की शुरुआत 19 मार्च की सुबह वरघोड़ा के साथ होगी। शाम 4 बजे भव्य हॉर्स शो आयोजित किया जाएगा तथा रात्रि में भजन संध्या का आयोजन होगा। मेले के दूसरे दिन 20 मार्च को प्रातः खेतलाजी मंदिर में ध्वजा चढ़ाई जाएगी, जिसके बाद विभिन्न गैर दलों द्वारा पारंपरिक नृत्य प्रस्तुत किए जाएंगे। मेले को लेकर मंदिर परिसर को आकर्षक ढंग से सजाया जा रहा है।

ट्रस्ट कमेटी के कोषाध्यक्ष मुलाराम मेघवाल ने बताया कि मेले में इस बार इंडियन आइडल ख्याति प्राप्त लोकगायक मोती खान भजनों और लोकसंगीत की प्रस्तुति देंगे। इस वर्ष का मेला केवल धार्मिक आयोजन ही नहीं, बल्कि बेहतर सुविधाओं और सुव्यवस्थित व्यवस्थाओं के कारण एक नए अध्याय की शुरुआत भी माना जा रहा है। मेले की तैयारियों में ट्रस्ट कमेटी के उपाध्यक्ष रताराम चौधरी, सहसचिव अशोकसिंह राजपुरोहित, सहकोषाध्यक्ष दिनेश लोहार तथा सदस्य खरताराम मेघवाल, रमेश चौधरी, कमलेश सोनी, खरताराम चौधरी, छतरसिंह सोलंकी, रामलाल प्रजापत, मांगीलाल चौधरी, रताराम चौधरी और दिनेश आदिवाल सक्रिय रूप से जुटे हुए हैं।

### ग्राम पंचायत छापरी खुर्द ने नशे के खिलाफ छेड़ी मुहिम, तस्करों की सूचना देने की अपील

**चमकता राजस्थान/मेड़ता रोड /एजाज़ अहमद उस्मानी।** मेड़ता रोड के निकटवर्ती गांव ग्राम पंचायत छापरी खुर्द के ग्रामीणों ने गांव को नशामुक्त बनाने के लिए एक सामूहिक पहल शुरू की है। पंचायत और गांव के लोगों ने निर्णय लिया है कि यदि गांव में कोई भी व्यक्ति टऊ डोडा, स्मैक, अफीम या अन्य किसी भी प्रकार के नशीले पदार्थ की बिक्री या तस्करी करते हुए पाया जाता है, तो उसके खिलाफ तुरंत प्रशासन और पुलिस को सूचना दी जाएगी। ग्राम पंचायत की ओर से जारी निवेदन में कहा गया है कि नशे के बढ़ते प्रभाव को रोकने और युवाओं को इस बुराई से बचाने के लिए पूरे गांव के लोग प्रशासन के साथ मिलकर काम करेंगे। पंचायत ने साफ किया है कि गांव में किसी भी प्रकार के नशीले पदार्थों का कारोबार बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। ग्रामीणों से अपील की गई है कि यदि किसी को भी गांव में नशे की बिक्री या तस्करी की जानकारी मिले तो वे बिना किसी डर के तुरंत पुलिस को सूचना दें। सूचना देने वाले व्यक्ति की पहचान गुप्त रखी जाएगी, ताकि लोग बेझिझक आगे आकर सहयोग कर सकें।



पंचायत ने बताया कि नशे के खिलाफ इस अभियान में गांव के सभी वर्गों का समर्थन मिल रहा है। लोगों का मानना है कि अगर पूरे गांव के लोग एकजुट होकर इस बुराई के खिलाफ खड़े होंगे, तो गांव को नशामुक्त बनाया जा सकता है।

**गुप्त सूचना के लिए संपर्क नंबर**

पुलिस थाना मेड़ता रोडः 9530413614

पीसीआर नागौरः 9530413100

ग्राम पंचायत छापरी खुर्द ने सभी ग्रामवासियों से इस अभियान में सहयोग करने और गांव को सुरक्षित व नशामुक्त बनाने में अपनी भागीदारी निभाने की अपील की है।

### मेड़ता में 19 मार्च से शुरू होगा प्रदेश स्तरीय बलदेवराम पशु मेला, तैयारियां अंतिम चरण में



**चमकता राजस्थान/मेड़ता रोड/एजाज़ अहमद उस्मानी।** मेड़ता शहर में प्रसिद्ध प्रदेश स्तरीय बलदेवराम पशु मेला 19 मार्च से शुरू होने जा रहा है। मेले को लेकर तैयारियां तेज गति से चल रही हैं। पशुपालन विभाग की ओर से अब तक 25 दुकानों की नीलामी की जा चुकी है। वहीं पशुपालकों और व्यापारियों की सुविधा के लिए मेला मैदान परिसर में बने बड़े हौज की मरम्मत का कार्य भी पूरा करवा लिया गया है।

मेले की व्यवस्था को लेकर 17 मार्च को चौकियों की स्थापना की जाएगी। इसके दो दिन बाद 19 मार्च को झंडारोहण के साथ राज्य स्तरीय बलदेवराम पशु मेले का विधिवत शुभारंभ होगा। मेले को लेकर अधिकांश तैयारियां पूरी कर ली गई हैं, जबकि कुछ कार्य अभी भी जारी हैं।

**● दुकानों का आवंटन पूरा**

बलदेवराम पशु मेले में लगने वाली पशु प्रसाधन, तिरपाल, बर्तन, मिर्ची-लहसून तथा चाय-नाश्ता की दुकानों का आवंटन कर दिया गया है। अजमेर और नागौर से आए अधिकारियों की मौजूदगी में 25 दुकानों की नीलामी की गई, जिससे कुल 70,500 रुपये की आय हुई है।

**● हौज की मरम्मत का काम पूरा**

मेले में आने वाले पशुपालकों और व्यापारियों के लिए पानी की व्यवस्था के उद्देश्य से बनाए गए बड़े हौज की मरम्मत का कार्य भी पूरा कर लिया गया है। इसी हौज के माध्यम से पशुओं के पीने और पशुपालकों के स्नान के लिए पानी उपलब्ध कराया जाता है। अब हौज में पानी की सप्लाई भी शुरू कर दी गई है।

# ग्राम जैसला में लगा ''डिस्कॉम आपके द्वार'' शिविर, 250 बिजली बिलों का मौके पर निस्तारण

चमकता राजस्थान



**अनिल सैन/फलोदी।** ग्राम जैसला में विद्युत उपभोक्ताओं की समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए रविवार को ''डिस्कॉम आपके द्वार'' शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में सहायक अभियंता पूनम चंद विश्नोई की मौजूदगी में किसानों व उपभोक्ताओं की विभिन्न समस्याओं का मौके पर ही समाधान किया गया। शिविर के दौरान गलत जारी हुए बिजली बिलों में सुधार करते हुए कुल 250 बिलों का निस्तारण किया गया। वहीं खराब मीटर बदलवाने संबंधी 5 आवेदन प्राप्त हुए, जिनका मौके पर समाधान कर दिया गया। इसके अलावा नए बिजली कनेक्शन के लिए 7 पत्रावलियां प्राप्त हुईं, जिन पर नियमानुसार आगे की कार्रवाई शुरू कर दी गई है।

शिविर में झुके हुए बिजली पोल और ढीले तारों से संबंधित 6 शिकायतें भी सामने आईं। इन शिकायतों के शीघ्र समाधान के लिए कनिष्ठ अभियंता चिमाना को आवश्यक निर्देश दिए गए। इस दौरान विद्युत उपभोक्ताओं से करीब 12 लाख रुपये की राजस्व वसूली भी की गई। अधिकारियों ने उपभोक्ताओं को विद्युत सेवाओं से जुड़ी आवश्यक जानकारी दी और भविष्य में भी ऐसे शिविरों के माध्यम से आमजन की समस्याओं के समाधान के लिए निरंतर प्रयास करने का भरोसा दिलाया।

इसी क्रम में 16 मार्च 2026 को ग्राम पंचायत भवन भोजासर में भी ''डिस्कॉम आपके द्वार'' शिविर लगाया जाएगा। इस शिविर में भोजासर, भीयासर, बांसवाड़ा नगर, भगवान नगर, जम्भ सागर और छितरबेरा गांवों के उपभोक्ताओं की विद्युत विभाग से संबंधित समस्याओं का समाधान किया जाएगा।

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक अभय सिंह चौहान के लिए एम बी प्रिंटर्स, सी 74 सुदर्शन पूरा, जयपुर से मुद्रित एवं 1ए देवी नगर विस्तार, देवी नगर गली नं. 6 जयपुर 302019 से प्रकाशित। सम्पादक : अभय सिंह चौहान, मोबाइल : 9314505000 (पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार) कार्यकारी संपादक : खलील कुरैशी, मोबाइल : 7891542929